रोहतक
रविवार, 31 अगस्त, 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 211
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.05
न्यून. 20.06

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




05 एशिया कप हॉकी : जापान के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय टीम


RERA REGISTRATION NO.: RAJ/P/2018/682
https://rera.rajasthan.gov.in/

# AFFORDABLE RESIDENTIAL PLOTS

(Under Govt. of Rajasthan Residential Plotting Scheme)

## INVITE APPLICATIONS FOR FREEHOLD RESIDENTAL PLOTS

## BHIWADI-NCR

IMMEDIATE REGISTRY

Floor Wise Registry Allowed

**Pay Rs. 21,000/- for Registration**

Amount is Refundable in case of Non-Allocation


## 33% महिलाओं और सरकारी कर्मचारियों के लिए आरक्षित पंजीकरण के लिए 101 प्लॉट उपलब्ध

## IMPORTANT DATES

Finance Available

**Today is the Last Day to Apply**
Register before scheme ends (Tonight 12:00pm)

**Allotment Result Date 2nd Sep 2025**
(At 06:00pm)



## 101 PLOTS AVAILABLE FOR REGISTRATION
## TOWNSHIP ON BHIWADI-ALWAR EXPRESSWAY

| No. of Units | Plot Area (Sq.Yd) | Rate per Sq Yd (Rs.) | Registration Amount (Rs.) | 10% On Allotment (Minus Registration Amount) (Rs.) | 15% On BBA (Rs.) | 25% within 30 Days From Allotment (Rs.) | 50% within 60 Days from Allotment (On Registry) (Rs.) | Total Cost (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | 52.64 to 54.41 Sq.Yd. (44.01 to 45.49 Sq.mt.) | 23,000/- | 21,000/- | 1,00,072/- to 1,04,143/- | 1,81,608/- to 1,87,715/- | 3,02,680/- to 3,12,858/- | 6,05,360/- to 6,25,715/- | 12,10,720/- to 12,51,430/- |
| 30 | 78.82 to 83.19Sq.Yd. (65.90 to 69.55 Sq.mt.) | 23,000/- | 21,000/- | 1,60,286/- to 1,70,337/- | 2,71,929/- to 2,87,006/- | 4,53,215/- to 4,78,343/- | 9,06,430/- to 9,56,685/- | 18,12,860/- to 19,13,370/- |
| 41 | 115.27 to 151.34Sq.Yd. (96.38 to 126.53 Sq.mt.) | 23,000/- | 21,000/- | 2,44,121/- to 3,27,082/- | 3,97,682/- to 5,22,123/- | 6,62,803/- to 8,70,205/- | 13,25,605/- to 17,40,410/- | 26,51,210/- to 34,80,820/- |

# Any other changes/ taxes levied by the Govt. will be changed as per Extra.

**NEARBY LOCATION :** Proposed Green Field Airport | Proposed RRTS/Neo Metro | Tijara Jain Temple

**Advantages**

- 50 Acres Gated Township
- On Bhiwadi-Alwar Expressway
- Fully Habitable Township
- Delhi Police Commando Training Academy Near By
- Delhi NCR Biggest Industrial Hub
- 3000 functional Industries in close Vicinity
- Opposite Honda & Kajaria Tiles Factory
- Clubhouse with 31 amenities

**Amenties**

Gated Community | Primary School | Club House | Shopping Complex | Nursing Home | Swimming Pool | Fresh Water Supply | 3- Tier Security | Playgrounds | Temple

## Register Online
## www.plotsonlineregistration.org
## Call 6262-16-0707

SCAN TO REGISTER

Disclaimer: The Promoter strongly advises all applicants to personally inspect the project site and make their own independent judgment before submitting any application for allotment. Unless otherwise specified, all images, visuals, materials, and information presented herein are purely creative/artistic impressions and may not represent the actual product and/or amenities. The final design, specifications, and finishes may differ from those displayed above.Any journey time mentioned is based on Google Maps and is subject to variations depending on prevailing traffic conditions. The rate mentioned above does not include GST and other applicable statutory charges. Terms & Conditions apply. Note:1 sq. mt. = 1.196 sq. yd.RERA Registration No. RAJ/P2018/682 dated 28.01.2022Project: Ozone City 2, Bhiwadi

## खबर संक्षेप



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को अपने सरकारी निवास संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की शिकायतें सुनीं व अफसरों को समाधान के निर्देश दिए।

### 17 से 2 अक्टूबर तक मनेगा सेवा पखवाड़ा

**चंडीगढ़।** प्रदेश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक राज्यव्यापी सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस पाक्षिक कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा की भावना को बढ़ावा देना और विकासात्मक पहलों को एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने शनिवार इस अभियान की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत प्रदेशभर में प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर रोज मुख्य कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जबकि सभी जिलों में मंत्री इस तरह के कार्यक्रमों की अगुवाई करेंगे।

### इनेलो ने खेल प्रकोष्ठ का विस्तार किया

**चंडीगढ़।** संगठन का विस्तार करते हुए इनेलो खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र मोर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला और प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा से विचार विमर्श करके जिला संयोजकों की नियुक्ति की। गौरव राणा को पंचकूला, बलजिन्द्र सिंह तुरका को अंबाला, दीपक डंडीयान को कुरुक्षेत्र, विकास को कैथल व अन्य जिलों में संयोजक नियुक्त किए गए।

### लाडो लक्ष्मी योजना स्वागत योग्य : नागर

चंडीगढ़। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को एक स्वागत योग्य निर्णय बताया। नागर ने शनिवार यहां कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में वीरवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में योजना लागू करने का निर्णय हरियाणा की महिलाओं के लिए एक सुखद संदेशा है और इससे बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा योजना सरकार के 'सशक्त नारी – सशक्त समाज – सशक्त हरियाणा' का एक मजबूत उदाहरण है।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं व अन्य विभागों की बैठक ली

# हरियाणा आपदा राहत बल की बनेंगी दो बटालियन

### केंद्र की गाइडलाइन के अनुसार प्रदेश में खोले जाएंगे 59 नए फायर स्टेशन

*जींद में बनने वाले फायर एवं डिजास्टर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का जल्द किया जाएगा शिलान्यास, अब फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट की रिन्यूअल एनओसी के लिए आवेदन करते ही ऑटोमेटिक मिलेगी*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में हरियाणा आपदा राहत बल की दो बटालियन बनाई जाएगी, जो राज्य में किसी भी आपात स्थिति से निपटने और लोगों की सहायता के लिए काम करेगी। इसके अलावा, जिला जींद में बनने वाले फायर एवं डिजास्टर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का शिलान्यास जल्द किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट की रिन्यूअल एनओसी मिलने के बाद 15 दिन में अधिकारी करेंगे रैंडम चैक नायब सिंह सैनी ने कहा कि फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट की रिन्यूअल के लिए एनओसी आवदेन करते ही ऑटोमेटिक मिल जाएगी। लेकिन रिन्यूअल होने के बाद विभाग के अधिकारी 15 दिन में रैंडम चैक करेगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही और समय सीमा तय की जाए। साथ ही फायर एनओसी को सीएम डैशबोर्ड के साथ जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने फायर विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेंडिंग एनओसी रखने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कारवाई की जाए।



### अत्याधुनिक अग्निशमन वाहन खरीदे जाएंगे

#### पाइप की क्षमता को एक हजार मीटर तक बढ़ाया जाए

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नई तकनीक से लैस 101 मीटर वाली अग्निशमन की दो गाडिया जल्द ही खरीदी जाए। साथ ही हाइड्रोलिक प्लेटफ़ॉर्म की 13 अग्निशमन वाहन, जो विभिन्न मीटर के होगें तथा 250 अग्निशमन वाहन भी खरीदे जाएंगे, जो ब्लॉक लेवल तक होंगे। इसके अलावा, फायर गाडियों में लगे पानी के पाइप की क्षमता को एक हजार मीटर तक बढाया जाए ताकि भीड़भाड वाले क्षेत्रों में आपदा के दौरान यह काम आ सके।

#### 10 आधुनिक फायर फाइटर रोबोट भी जल्द खरीदे जाएं : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार प्रदेश में फायर स्टेशन खोलने के लिए मैपिंग करवाई गई थी, जिसके तहत प्रदेश में 59 नए फायर स्टेशन खोले जाएंगे। इसके अलावा अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि 10 आधुनिक फायर फाइट रोबोट भी जल्द खरीदे जाए। इनका पायलट के तौर उपयोग किया जाएगा। आगे चलकर इनका प्रदेश भर में प्रयोग किया जाए।

#### प्रदेश भर के तैराकों का डाटा तैयार करने के लिए पोर्टल बनेगा

नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला जींद में बनने वाले फायर एवं डिजास्टर ट्रेनिंग इंस्टिटयूट में एनडीआरएफ के मानदंडों के तहत कार्य होगे और भूकम्प, आग, बाढ़ आदि आपदा से सम्बंधित ट्रेनिंग करवाई जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रदेश में जितने भी तैराक है उनका डाटा तैयार कर एक पोर्टल बनाया जाए।बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण कुमार गुप्ता, अग्निशमन सेवाएं हरियाणा के महानिदेशक शेखर विद्यार्थी, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष सचिव राहुल हुड्डा सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विस के मानसून सत्र ने दी संसदीय परंपराओं को नई दिशा : कल्याण

# 4 दिन में 21 घंटे 8 मिनट चली सत्र की कार्यवाही

### सदन ने सात विधेयक पारित किए। 120.37% उत्पादकता रही



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि मानसून सत्र हर दृष्टि से ऐतिहासिक रहा और इसने संसदीय परंपराओं को नई दिशा दी है। यह सत्र सकारात्मक माहौल में सम्पन्न हो गया। चार दिनों तक चले इस सत्र में 21 घंटे 8 मिनट की कार्यवाही हुई, जो 120.37 प्रतिशत उत्पादकता का प्रतीक रही। सत्र के दौरान कुल 7 विधेयक पारित किए गए और कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर विधायकगणों ने चर्चा में भाग लिया।

विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शनिवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 3 स्थित हरियाणा निवास में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि सत्र 22 अगस्त से 27 अगस्त तक चला। पहले और दूसरे दिन 71, तीसरे दिन 72 और चौथे दिन 70 विधायक मौजूद रहे। इसमें मुख्यमंत्री, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और मंत्रियों की संख्या शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि अनुशासन और गंभीरता के साथ सत्र चला।

#### शून्यकाल की कार्यवाही तीन दिन तक चली

विस अध्यक्ष ने बताया कि शून्यकाल की कार्यवाही तीन दिन चली, जिसमें 78 सदस्यों ने हिस्सा लिया। भाजपा के 30 सदस्यों ने 99 मिनट, कांग्रेस के 34 सदस्यों ने 129 मिनट, इनेलो के 2 सदस्यों ने 7 मिनट और निर्दलीय 3 विधायकों ने 10 मिनट तक अपनी बात रखी।प्रश्नकाल में भी विधायकों की सक्रियता देखने को मिली।

#### ध्यानाकर्षण के लिए कुल 40 नोटिस आए

ध्यानाकर्षण सूचनाओं के तहत कुल 40 नोटिस आए, जिनमें से 11 को स्वीकार किया गया। इनमें जलभराव, सीईटी परीक्षा की कार्यप्रणाली, धान में वायरस की समस्या, कलेक्टर रेट में वृद्धि और खिलाड़ियों की समस्याओं जैसे मुद्दे शामिल रहे। स्थगन प्रस्तावों में से एक को स्वीकार कर 26 अगस्त को तीन घंटे 35 मिनट लंबी चर्चा की गई।

**हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 : शहरी क्षेत्रों को मिलेगा स्वच्छ और सुंदर रूप**

# 25 नवंबर तक चलेगा स्वच्छता महाअभियान प्लास्टिक मुक्त बाजार पर रहेगा फोकस

**चंडीगढ़।** हरियाणा को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा आरंभ किए गए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान – 2025 के तहत शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। यह विशेष अभियान आगामी 25 नवंबर तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना, कूड़ा-करकट प्रबंधन को सुदृढ़ करना, प्लास्टिक के उपयोग को कम करना तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।शहरी स्थानीय निकाय विभाग प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत सरकारी, निजी कार्यालयों, पर्यटन व धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की जाएगी। साथ ही, सड़कों, ड्रेनों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइटों का रखरखाव, चौकों का सौंदर्यीकरण और सड़कों पर उपयुक्त साइनेज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा, शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने के साथ-साथ सी एंड डी अपशिष्ट डंपिंग पॉइंट, खुले क्षेत्रों और खाली भूखंडों को साफ किया जाएगा।

#### डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व सीएंडडी डंपिंग पॉइंट होंगे साफ

प्रवक्ता ने बताया कि जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज और स्कूल के छात्रों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, गैर-सरकारी संस्थाओं के सदस्यों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ग्रीन एवं स्वच्छ हरियाणा के तहत कॉलोनियों, बाजारों, स्कूलों, पार्कों और सड़कों के किनारे वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा और पार्कों में कूड़ेदानों की व्यवस्था की जाएगी, ताकि पार्कों में गंदगी न फैले। ओपन जिम की मरम्मत व रख-रखाव सुनिश्चित किया जाएगा। सफाई मित्र वॉकथॉन का आयोजन भी किया जाएगा। प्लास्टिक बैन के बारे जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। विशेष पहल करते हुए बाजारों/मंडियों में विशेष केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां नागरिक कचरा जमा करेंगे और उसके बदले उन्हें कपड़े के थैले मिलेंगे।

### तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का समापन कल, कुरुक्षेत्र पहुंचेंगे सीएम

**चंडीगढ़।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को हरियाणा में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप मनाया जा रहा है। 29 अगस्त से शुरू होकर 31अगस्त तक चलने वाले इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का राज्यस्तरीय समापन समारोह 31 अगस्त को कुरुक्षेत्र में होगा, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करने वाले मुख्य अतिथियों व विशिष्ट अतिथियों की सूची जारी की गई है। सूची के अनुसार में अंबाला में ऊर्जा मंत्री अनिल विज, भिवानी में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी के साथ विधायक घनश्याम सर्राफ सहित अन्य मौजूद रहेंगे। प्रदेश भर के कार्यक्रमों में माननीय शिरकत करेंगे।

### 5 जेलों में कौशल विकास के लिए शुरू होंगे 12 कोर्स

**चंडीगढ़।** कारागार मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सरकार प्रदेश की जेलों में बंदियों के कौशल विकास व उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस कड़ी में प्रदेश की 5 जेलों में 12 कोर्स शुरू किए जा रहे हैं, जिसमें जिला कारागार गुरुग्राम भी शामिल है। यहां पर जल्द ही कम्प्यूटर इंजीनियरिंग डिप्लोमा शुरू किया जाएगा, इसके लिए ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया जा चुका है। शनिवार को गुरुग्राम प्रवास के दौरान कारागार मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा ने जेल का दौरा किया।

**नगरपालिका सिवानी**

क्रमांक SPL/MCS/07 दिनांक 30.08.2025

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगरपालिका सिवानी को शहर का कूड़ा आदि उठाने के लिए 2 ट्रैक्टर ट्राली व 1 जेसीबी मशीन की आवश्यकता है जिसमें हर प्रकार का खर्च व जिम्मेदारी पूर्ण रूप से वाहन मालिक की होगी । जो भी इच्छुक व्यक्ति अपना संसाधन उक्त कार्य के लिए नगरपालिका सिवानी में लगवाना चाहता है वह प्रतिदिन के हिसाब से अपने रेट बंद लिफाफे में दिनांक 2 सितंबर 2025 को दोपहर 1 बजे तक नगर पालिका कार्यालय में जमा करवाए।

हस्ता/- सचिव
नगरपालिका सिवानी

**गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार**

(राज्य विधायिका अधिनियम 17 ऑफ 1995 द्वारा स्थापित)
एनएएसी 'ए+' ग्रेड प्रमाणित विश्वविद्यालय

**बी.टेक. (प्रथम वर्ष) और बी.टेक. (एलईईटी) प्रोग्राम की रिक्त/छोड़ी गई सीटों के तहत प्रवेश हेतु संस्थान स्तरीय फिजिकल काउंसलिंग**

बी.टेक. (प्रथम वर्ष) और बी.टेक. (एलईईटी) प्रोग्राम की रिक्त/छोड़ी गई सीटों के तहत प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन सहित सत्र 2025-26 हेतु विस्तृत काउंसलिंग कार्यक्रम और अन्य जानकारी 28.08.2025 से विश्वविद्यालय वेबसाइट www.gjust.ac.in पर उपलब्ध होंगे।

संवाद-1237/11/152/2026/38190/सी/88/6 दि. 29.08.25 कुलसचिव

### कल्याण ने कमांडो ट्रेनिंग सेंटर का दौरा किया

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शनिवार को पंचकूला के चौंकी गांव स्थित हरियाणा पुलिस के कमांडो ट्रेनिंग सेंटर में वरिष्ठ अधिकारियों और जवानों का हौंसला बढ़ाया। वे कमांडो ट्रेनिंग सेंटर द्वारा आयोजित स्वैट डिस्ट्रिक्ट कोर्स और स्वैट एचएपी कोर्स के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनको 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया था तथा यहां प्रशिक्षित जवानों ने सुरक्षा से जुड़े अनेक साहसिक प्रदर्शन किए। विस अध्यक्ष कल्याण ने एडीजीपी सौरभ सिंह और आईजी (सुरक्षा) पंकज नैन समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एमपी-5 बंदूक से सटीक निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने एके-47, ग्लॉक पिस्तौल इत्यादि हथियारों पर भी हाथ आजमाया।

### यूएस टैरिफ की प्रदेश पर गहरी मार: दीपेंद्र

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ की मार और बीजेपी सरकार की कमजोरी से हरियाणा के उद्योगों पर भयंकर चोट पड़ी है। हरियाणा में अमेरिकी टैरिफ हमले से हजारों करोड़ के एक्सपोर्ट आधारित उद्योगों पर तालाबंदी और इनसे जुड़े लाखों कामगारों के रोज़गार पर खतरे के काले बादल मंडरा रहे हैं। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50 फ़ीसदी का भारी टैरिफ थोपने के बाद न केवल एक्सपोर्ट आधारित उद्यमों के लिए आफ़त खड़ी हो गई है, बल्कि अगले एक साल में ही लाखों लोगों की नौकरी छिन जाने का संकट भी पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि अमरीकी टैरिफ का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव पानीपत के कपड़ा उद्योग पर पड़ेगा। पानीपत से अमेरिका को हर साल करीब 12000 करोड़ का निर्यात होता है। टैरिफ के बाद लगभग एक तिहाई ऑर्डर अटक गए हैं।

## ड्राफ्टिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग होगा

# विधानसभा कर्मियों को लोकसभा जैसी ट्रेनिंग देने की तैयारी, वर्कशॉप लगेंगी

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा की कार्यवाही को लेकर सुधारों की मुहिम शुरू होने जा रही है, क्योंकि वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण इस हक में हैं। जल्द ही विधानसभा में सुधारों के लिए मुहिम चलाने के लिए होमवर्क कर लिया गया है, विधानसभा के कामकाज में सुधार, पारदर्शिता बढ़ाने और आधुनिक तकनीक इस्तेमाल भी होगा। रिकॉर्डिंग से कामकाज के पुराने परंपरागत तौर तरीकों से हटकर नए कदम उठाने की तैयारी है। इसके लिए विस के कर्मियों और अफसरों को विशेष ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है।विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने शनिवार को एक सवाल के जवाब में कहा कि बढ़िया ड्राफ्टिंग और आने वाले वक्त में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल किया जाएगा। नियमों में बदलाव और व्यवस्थाओं पर काम होना चाहिए, सुधार के नाते जो भी सुझाव आ रहे हैं, हम ट्रेनिंग की दिशा में कदम उठाने जा रहे हैं। उन्होंने लाइव प्रसारण को लेकर भी कहा है कि हमने अतीत का अध्ययन करने के बाद में प्रसारण को लेकर नई गाइड लाइन तैयारी की हैं।

#### विधानसभा के लिए नए भवन की जरूरत

हरियाणा विस अध्यक्ष का कहना है कि विस नया भवन आने वाले समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि क्योंकि चंडीगढ़ में हेरिटेज बिल्डिंग और तमाम बंदिशों के कारण बहुत ही सोच समझकर फैसले लेने होते हैं। यूटी के प्रशासक और पंजाब के राज्यपाल से मुलाकात कर कई विषयों पर विचार मंथन किया है। लेकिन इस तरह के विषयों को लेकर विभिन्न विभागों, यूटी प्रशासन अन्य का अपना रोल है।



#### पीएसी का गठन जल्द

विधानसभा की पीएसी (प्रेस एडवाइजरी कमेटी ) बनाने की तैयारी है, ताकि अच्छी व्यवस्था को लागू किया जा सके। विस अध्यक्ष ने कहा कि बेहतर से बेहतर मैनेजमेंट की जाए, इस दिशा में कदम उठाने जा रहे हैं। पारदर्शी तरीके से कमेटी का गठन किया जाएगा।

#### लाइव प्रसारण की व्यवस्था

हरियाणा विधानसभा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने लाइव प्रसारण को लेकर साफ किया है कि कुछ शर्तों के साथ में लाइव की इजाजत दी जाएगी। उन्होंने बताया पुरानी परंपराओं का अध्ययन किया गया है। अब आने वाले वक्त में भी प्रश्नकाल और महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण भी लाइव हो सकेगा। उन्होंने बताया कि शुरुआती दिनों में सीमित ही लाइव की व्यवस्था की गई है।

#### विस सत्र देखने आ रहे दर्शक

बजट सत्र के दौरान 2054 से ज्यादा दर्शकों ने सत्र को देखा था, देखने में आ रहा है कि आम लोगों में इसमें रुचि बढ़ती जा रही है। स्पीकर ने कहा कि बजट सत्र के दौरान संख्या जहां 2054 थी। हम चाहते हैं कि यह संख्या और ज्यादा बढ़े ताकि समाज में अपने जनप्रतिनिधियों के कामकाज को देखना चाहिए। उन्होंने बताया कि बजट सत्र के दौरान भी 1554 दर्शक आए हुए थे। उन्होंने संकेत दिए कि ज्यादा से ज्यादा स्कूलों के विद्यार्थी यहां पर आएं, इस दिशा में काम हो रहा है।

**UNIPRODUCTS (INDIA) LTD.**

पंजीकृत कार्यालयः जरथल गांव रोड, 84 कि.मी. स्टोन, दिल्ली–जयपुर रोड, डाकघर–संगवाड़ी, जिला रेवाड़ी, हरियाणा–123401
वेबसाइटः www.unitexindia.com; ईमेलः uniproducts@unitexindia.com;
फोनः +91-120-2585590-91; CIN: U45201HR1982PLC014785

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से आयोजित होने वाली 42वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना**

1. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यूनिप्रोडक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड (कंपनी) के सदस्यों की 42वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025 को शाम 5:30 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी। कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के लागू प्रावधानों के अनुपालन में, इसके तहत बनाए गए नियमों और सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांक 05 मई, 2020, 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021, 19/2021 दिनांक 8 दिसंबर, 2021, 21/2021 दिनांक 14 दिसंबर, 2021, 02/2022 दिनांक 05 मई, 2022, 10/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022, 9/2023 दिनाकं 25 सितंबर, 2023 और 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024 को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किए गए (जिसे यहां "एमसीए परिपत्र" कहा गया है), कंपनी के पंजीकृत कार्यालय ("मान्य स्थल") पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय को पूरा करने के लिए, जिसे सदस्यों का प्रसारित किया जाएगा।
2. 42वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना, वित्त वर्ष 2024–2025 की वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें निदेशक मंडल की रिपोर्ट, उसके अनुलग्नक और 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तिय वर्ष के लिए लेखा परीक्षक की रिपोर्ट सहित लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण शामिल हैं ("जिसे सामूहिक रूप से वार्षि रिपोर्ट कहा जाएगा") केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी/आरटीए के पास पहले से पंजीकृत हैं। कंपनी अपने सभी सदस्यों को पूर्व अभ्यास के समान ई–वोटिंग और रिमोट ई–वोटिंग सुविधा भी उपलब्ध करा रही है।
3. जिन सदस्यों ने कंपनी/डिपॉजिटरी/आरटीए के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे कंपनी से वार्षिक रिपोर्ट, नोटिस आदि सहित सभी संचार इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने के लिए इसे पंजीकृत करें। वे नीचे दिए गए निर्देशों का पालन कर सकते हैं।
   ई–मेल पते पंजीकरण/अद्यतन करने की प्रक्रियाः
   (i) भौतिक प्रारूप में शेयर धारण रखने वाले सदस्यों, जिन्होंने कंपनी के साथ अपने ई–मेल पते पंजीकृत/अपडेट नही किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए"), एमएएस सर्विसेज लिमिटेड को investor@masserv.com पर लिखकर फोलियो नम्बर का विवरण एवं और कंपनी के साथ पंजीकृत सदस्य के पते के समर्थन में पैन कार्ड की स्व–सत्यापित प्रति और किसी भी दस्तावेज (जैसः ड्राइविंग लाइसेंस, चुनाव पहचान पत्र, पासपोर्ट) की स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करके पंजीकृत/अपेडट करें।
   (ii) डिमेटिरियलाइज्ड प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ अपना ई–मेल पता पंजीकृत कराएं।
4. सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से 42वीं वार्षिक आम बैठक में शामिल हो सकते हैं और भाग ले सकते हैं। 42वीं वार्षिक आम बैठक में शामिल होने और 42वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग या ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने के तरीके के बारे में विस्तृत निर्देश वार्षिक आम बैठक की सूचना के नोट्स में दिए जाएँगे। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के लिए गिना जाएगा।
5. 42वीं एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2024–25 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.unitexindia.com पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। एजीएम सूचना को एनएसडीएल (रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com से भी प्राप्त किया जा सकता है।

उपरोक्त सूचना कंपनी के सभी सदस्यों की जानकारी और लाभ के लिए जारी की जा रही है और यह एमसीएम परिपत्रों के अनुरूप है तथा सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना और विशेषकर ई–वोटिंग या एजीएम में वोटिंग के माध्यम से वोट देने की प्रक्रिया के संबंध में एजीएम की सूचना में दिये गये नोट्स को भली–भांति पढ़ लें।

कृते यूनिप्रोडक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता./–
प्रीति सोंधी
कंपनी सचिव
सदस्यता सं. एफ8678

तिथिः 31.08.2025
स्थानः नोएडा

**उत्तर रेलवे**

**'एक स्टेशन एक उत्पाद'**
**योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैः**

(क) **कुल तेरह (13) स्टॉलः** हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, मेरठ सिटी, पलवल, पानीपत, बहादुरगढ़, गाजियाबाद, समालखा, सोनीपत मेरठ कैंट और गुरुग्राम रेलवे स्टेशन ।

(ख) **कुल चौतीस (34) ट्रालीः** बादली, बाघपत रोड, बल्लभगढ़, बड़ौत, जाखल, दिल्ली किशनगंज, फरीदाबाद, जींद, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद न्यू टाउन, मानसा, देवबंद, खतौली, खेकड़ा, नरवाना, नांगलोई, पालम, परतापुर, नोली, नरेला, सकौती टांडा, टपरी, ओखला, टोहाना, शकुरबस्ती, शामली, तुगलकाबाद, जुलाना, सांपला, मोदीनगर, मुरादनगर, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, दिल्ली सफदरगंज रेलवे स्टेशन।

- कुरुक्षेत्र, सब्जी मंडी, पलवल, गुड़गांव और मेरठ कैंट तक। स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2, 3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, बादली, ओखला, शामली, टपरी, जींद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (परतापुर और सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- **प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:–**
  एफ) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य / केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों / बुनकर आईडी कार्ड धारक।
  जी) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी) / खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) / गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर / बुनकर / शिल्पकार।
  एच) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
  आई) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
  जे) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 08.09.2025, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक / अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12 / 2022 एवं 09/2023 के तहत / अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइटः www.indianrailways.gov.in & URL:https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/ Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 2624/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रोहतक

रविवार, 31 अगस्त, 2025

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 211

पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00


**मौसम**

अधि. 35.05
न्यून. 20.06


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप: सेमीफाइनल में सात्विक-चिराग की जोड़ी, पदक पक्का

## अंदर के पन्नों पर


- कैथल में युवक ने वीडियो बनाकर किया सुसाइड पेज-2
- अमेरिकी टैरिफ के आगे नहीं झुकेगा भारत पेज-3
- ऑपरेशन सिंदूर में पाक पर 50 से कम हथियार दागे पेज-6


## खबर संक्षेप

### जयपुर में नीट छात्रा ने की सुसाइड की कोशिश

**जयपुर।** जयपुर के कोचिंग संस्थान में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 19 साल की एक छात्रा ने छत से छलांगकर आत्महत्या करने की कोशिश की, लेकिन एक शिक्षक ने उसे ऐसा करने से पहले बचा लिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना महेश नगर थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस का कहना है कि महेश नगर में 'पीजी' में रहने वाली छात्रा एक कोचिंग सेंटर में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही है। भाषा

### दिल्ली: कालकाजी मंदिर के 'सेवादार' की हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कालकाजी मंदिर में 35 वर्षीय एक सेवादार की कुछ लोगों के साथ झगड़े के बाद पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि हमलावरों में से एक को पकड़ लिया है। पुलिस ने बताया कि मंदिर में दर्शन करने आए आरोपियों ने उत्तर प्रदेश निवासी सेवादार योगेंद्र सिंह से चुन्नीप्रसाद मांगा, जिसके बाद यह विवाद शुरू हुआ। भाषा

### जल्द दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था होगा भारत

**इंदौर।** प्रधानमंत्री जन-धन योजना को देश की वृद्धि दर बढ़ाने में



मददगार करार देते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। देश की आर्थिक वृद्धि दर अप्रैल-जून तिमाही में 7.80 प्रतिशत रही। भाषा

### दुष्कर्म मामले में कलंक अपराधी पर लगना चाहिए

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बलात्कार के आरोपी एक व्यक्ति की इस दलील को घृणित करार दिया कि उसके खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा रद्द करना नाबालिग पीड़ित के हित में होगा, जिसे अन्यथा कलंक का सामना करना पड़ेगा। न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया ने कहा कि कलंक गलत कृत्य की शिकार पीड़िता पर नहीं, बल्कि गलत काम करने वाले पर लगना चाहिए। भाषा

### बेल्जियम में चोकसी की जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** बेल्जियम की एक अपील अदालत ने पंजाब नेशनल



बैंक (पीएनबी) से करीब 13000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में भारत में वांछित भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की जमानत याचिका को एक बार फिर खारिज कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भाषा

### एसआईआर विवाद: अब एक सितंबर को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाने के अनुरोध वाली राजद व ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की ओर से दायर याचिकाओं पर एक सितंबर को सुनवाई करेगा। एसआईआर को लेकर दावे व आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तारीख एक सितंबर है।

## तियानजिन में भारतीय समुदाय ने किया भव्य स्वागत

भारत माता के जयकारे गूंजे

# पीएम मोदी सात साल बाद चीन पहुंचे, राष्ट्रपति चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक आज, एससीओ बैठक में भी भाग लेंगे



एजेंसी/भाषा ▸▸| तियानजिन

पीएम नरेन्द्र मोदी चीन की दो दिवसीय यात्रा पर शनिवार को तियानजिन पहुंचे। सात साल से अधिक समय के बाद चीन की उनकी यह पहली यात्रा है, जो ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर भारत और अमेरिका के संबंधों में अचानक गिरावट आई है। मोदी मुख्य रूप से शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 31 अगस्त और एक सितंबर को आयोजित होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चीन गए हैं। मोदी रविवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। मोदी यहां रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मुलाकात करेंगे। मोदी, पुतिन और चिनफिंग की बैठक इसलिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि भारत और चीन ट्रंप की टैरिफ नीति से वैश्विक व्यापार में उपजे तनाव के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर विचार कर रहे हैं।

*▸▸ पीएम मोदी तियानजिन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात करेंगे, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की व्यापार और टैरिफ नीतियों के चलते यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है। चीन भी भारत के रुख की तारीफ कर रहा है। चीन में एयरपोर्ट पर रेड कारपेट बिछाकर मोदी का स्वागत किया गया। मोदी और शी की मुलाकात पर दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं।*

### सीमा विवाद के बाद बढ़ी थी तल्खी

भारत-चीन के रिश्तों में पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद के बाद रिश्तों में तल्खी बढ़ी थी। एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी के रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य नेताओं के साथ बैठकें करेंगे।

### नेताओं से गहन चर्चा का इंतजार: मोदी

तियानजिन भारतीय समुदाय के लोग तिरंगा लहराते और भारत माता की जय के नारे लगाते दिखाई दिए। मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'तियानजिन पहुंच गया हूं। देशों के नेताओं से गहन चर्चा का इंतजार है।'

### ट्रंप ने लगाया 50 फीसदी टैरिफ

मोदी की यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है, जब दुनिया यूएस राष्ट्रपति ट्रम्प की टैरिफ नीतियों से जूझ रही है। ट्रम्प ने भारत पर 50% टैरिफ लगाया है। एससीओ समिट में 20 से देशों के नेता शामिल होंगे।

## पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश से हरियाणा बेहाल, दहशत में लोग

# यमुना और मारकंडा उफान पर घग्गर खतरे के निशान के पार

कई जगह तटबंध टूटे, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, सिरसा और फतेहाबाद में खतरा बढ़ा, अलर्ट

हरिभूमि टीम ▸▸| हरियाणा

पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश के कारण प्रदेश में यमुना और मारकंडा नदी उफान पर हैं। वहीं, घग्गर नदी खतरे के निशान के पार पहुंच गई है। निचले इलाकें और कई गांवों के खेतों में पानी घुस गया है। लोगों में दहशत का माहौल है। कुरुक्षेत्र, शाहबाद, युमनानगर, करनाल, सिरसा और फतेहाबाद में खतरा बरकरार है। प्रशासन इन नदियों में कड़ी निगरानी रखे हुए है। शाहबाद में मारकंडा से सटे कठवा गांव में पानी घुस गया है। यहां के सड़क और खेत पानी में डूब चुके हैं। हालांकि अभी घरों तक पानी नहीं पहुंचा है। प्रशासन ने कठवा समेत 7 गांवों में अलर्ट जारी कर दिया है। जिनमें गुमटी, पट्टी जामड़ा, मुगल माजरा, मलकपुर, कलसाना और तंगौर शामिल हैं। वहीं, फरीदाबाद में यमुना ओवरफ्लो हो गई। यहां मंझावली के पास बसे गांव चिरस के खेतों में यमुना का पानी घुस गया। यमुना के ओवरफ्लो होने से तटबंध टूट गया। इसके अलावा सिरसा में घग्गर नदी भी खतरे के निशान पर पहुंच गई है। नदी में बनाया जा रहा निर्माणाधीन पुल पानी में डूब गया है। तटबंध पर बसे गांवों में भी बाढ़ का खतरा बना हुआ है। प्रशासन ने अलर्ट रहने के लिए कहा है।

*▸▸ बाढ़ के खतरे को देखते हुए प्रदेश सरकार ने भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) और पंजाब सरकार को एक पत्र लिखा है, जिसमें कहा कि बारिश के चलते पानी की डिमांड घटी है। नहरों की ओर छोड़े जाने वाले 2,500 क्यूसिक पानी को कम किया जाए। सीएम नायब सैनी ने सभी जिला उपायुक्तों को नदियों का सर्वे करने और आपात स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं।*



### तीन तक बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने प्रदेश में रविवार से तीन सितंबर तक हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है। कुछ जगहों पर तेज बारिश भी हो सकती है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग अध्यक्ष डा. मदन खीचड़ ने बताया कि 2 और 3 सितंबर को भी हल्की बारिश होगी।

### फतेहाबाद में ड्रेन ओवरफ्लो, खेतों में घुस गया पानी

फतेहाबाद के रतिया क्षेत्र के गांव ब्राह्मणवाला के पास पंजाब के गांव बरेटा में ड्रेन ओवरफ्लो हो गई। इसके चलते ब्राह्मणवाला के खेतों में जलभराव हो गया है, जिससे किसानों की फसलें डूब गई हैं।

### पंचकूला : उफनता नाला पार करने को मजबूर लोग

पंचकूला के मोरनी क्षेत्र में बरसात ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। यहां गांव नरवाड़ का पक्का रास्ता टूट चुका है। इससे लोग उफनते नाले को पार करके लिए मजबूर हैं। लोगों में इससे नाराजगी है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है।



### अंबाला में कुछ राहत

अंबाला की टांगरी नदी में आया उफान शनिवार को शांत दिखा। नदी किनारे बसी कॉलोनियों से भी अब पानी उतर रहा है। हालांकि पानी उतरने के साथ ही लोगों के सामने गंदगी व कीचड़ की समस्या खड़ी हो गई। अभी तक ज्यादातर घरों में पानी भरा हुआ है। पानी उतरने के साथ ही कुछ परिवार वापस लौटने लगे हैं। हालांकि ज्यादातर परिवार नदी में फिर उफान आने के डर से अभी खुले आसमान के नीचे सड़कों पर ही डेरा डाले हुए हैं। काफी परिवारों ने घर की छतों पर ही आश्रय लिया हुआ है। टांगरी नदी में अचानक आए उफान के बाद शुक्रवार रात को घर खाली करने के बाद कई परिवार खुले आसमान के नीचे सड़कों पर रात गुजारनी पड़ी।



## भारी बारिश के कारण तबाही, भूस्खलन

# घाटी के रियासी व रामबन में बादल फटे, 11 की मौत

- रियासी में मरने वाले सात लोग एक ही परिवार के
- रामबन में चार लोगों की जान गई एक लापता
- सेना एनडीआरएफ एसडीआरएफ बचाव में जुटी

भाषा ▸▸| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के कारण रियासी और रामबन जिले में भूस्खलन और बाढ़ ने भीषण तबाही मचाई है। इस हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें सात लोग एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। रियासी जिले के बदर गांव में शनिवार सुबह लैंडस्लाइड हुई। मलबे से अब तक 7 शव बरामद किए गए हैं। ये सभी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। यहां और भी लोगों के फंसे होने की आशंका है। वहीं, रामबन के राजगढ़ में बादल फटने से 4 लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति लापता है। उसकी तलाश जारी है। एक अधिकारी ने बताया कि नजीर और उनका परिवार सो रहा था, तभी पहाड़ी ढलान पर स्थित उनका घर भूस्खलन के कारण गिरे मलबे की चपेट में आ गया और वे सभी उसके नीचे दब गए। स्थानीय लोगों और पुलिस ने शवों को मलबे से बाहर निकाला।

### जम्मू-कश्मीर के 6000 घरों में घुसा पानी, सड़कों पर लोग

#### अब तक 130 की मौत

- केंद्र शासित प्रदेश में 14 अगस्त से बादल फटने और भूस्खलन की कई घटनाएं हुई हैं, जिनमें जम्मू में 130 लोगों की जान चली गई है और 140 लोग घायल हो गए हैं, जबकि 32 तीर्थयात्री अब भी लापता हैं।
- देश में ये हाल–रियासी में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा शनिवार को पांचवें दिन भी स्थगित रही।
- जम्मू में फंसे 1200 से अधिक यात्रियों को लेकर विशेष ट्रेन रवाना, 51 ट्रेन रद्द।
- हिमाचल प्रदेश में मंडी के गोहर में देर रात बादल फटा था। नांडी पंचायत में नसेंणी नाला में कई गाड़ियां बह गईं।
- उत्तराखंड में बारिश से तबाह हुए स्थानों पर मलबे में फंसे लोगों की तलाश के लिए बचाव दल ने अभियान शुरू किया।
- पंजाब के अमृतसर, पठानकोट समेत 8 जिलों में बाढ़ के हालात बने हैं। 250 से ज्यादा गांवों में 5 से 15 फीट तक पानी भरा हुआ है। बाढ़ में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। 3 लोग लापता हैं।
- गुजरात के हिम्मत नगर में तेज बारिश के चलते 15 से ज्यादा कारें पानी में डूब गईं।

## अमेरिकी अदालत की टिप्पणी

### ट्रंप के पास शुल्क लगाने का कोई कानूनी अधिकार नहीं

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास सभी देशों पर भारी-भरकम शुल्क लगाने का कानूनी अधिकार नहीं है। अदालत ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था के चारों ओर एक संरक्षणवादी दीवार बनाने के उनके प्रयास को फिलहाल बरकरार रखा। अमेरिकी फेडरल सर्किट अपीलीय अदालत ने फैसले में कहा कि ट्रंप को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने व सभी देशों पर आयात कर लगाने की कानूनी अनुमति नहीं है। उधर, राष्ट्रपति ट्रंप ने अदालत के आदेश को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि अगर इसे ऐसे ही रहने दिया तो ये फैसला अमेरिका को तबाह कर देगा।



▪ ट्रंप बोले, देश को बर्बाद कर देगा यह फैसला

## चर्चा में पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप

### धनखड़ ने पूर्व विधायक के तौर पर फिर मांगी पेंशन

**जयपुर (एजेंसी)।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान विधानसभा में पूर्व विधायक के रूप में पेंशन के लिए आवेदन दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। धनखड़ 1993 से 1998 तक किशनगढ़ विस सीट से कांग्रेस के विधायक रहे थे। वह जुलाई 2019 तक पूर्व विधायक के रूप में पेंशन ले रहे थे। धनखड़ के पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त होने के बाद यह पेंशन बंद कर दी गई थी। राजस्थान में पूर्व विधायक के लिए पेंशन एक कार्यकाल के लिए 35,000 प्रति माह से शुरू होती है। अतिरिक्त कार्यकाल और उम्र के साथ बढ़ती जाती है। 74 वर्षीय धनखड़ 42,000 रुपये प्रति माह के हकदार हैं।



▪ 42,000 रुपये पेंशन के हकदार धनखड़

## पहले था 6 महीने का नियम

### अब 1 महीने की नौकरी पर भी मिलेगी पीएफ की पेंशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ ने पेंशन को लेकर चले आ रहे नियम में एक बदलाव किया है। इसके तहत अब जो व्यक्ति 1 महीने की भी नौकरी करेगा उसे भी पेंशन का लाभ मिलेगा। ईपीएफओ ने जो बदलाव किया है उसके मुताबिक, अब 6 महीने से भी कम समय तक में नौकरी छोड़ने वाले व्यक्तियों को ईपीएस का लाभ दिया जाएगा और ऐसे लोगों को अब पेंशन में हुए कंट्रीब्यूशन को खोना नहीं पड़ेगा। ईपीएफओ ने ये साफ किया है कि अगर कोई व्यक्ति 1 महीने की सेवा पूरी करता है और ईपीएस के तहत योगदान देता है तो उसे भी ईपीएस के तहत पेंशन का अधिकार मिलेगा।




▪ अब पेंशन कंट्रीब्यूशन को खोना नहीं पड़ेगा

## हॉकी जूनियर विश्व कप...

### साल के अंत में भारत आएगी पाकिस्तान की हॉकी टीम

**राजगीर (बिहार) भाषा।** हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने शनिवार को पुष्टि की कि पाकिस्तान इस साल के अंत में एफआईएच जूनियर विश्व कप हॉकी में भाग लेने के लिए भारत आएगा। दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष के बाद सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाक ने बिहार में चल रहे एशिया कप से हटने का फैसला किया। इससे यह संदेह पैदा हो गया था कि पाक नवंबर-दिसंबर में चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप में भाग लेगा या नहीं। भोलानाथ ने कहा, पाकिस्तानी टीम जूनियर विश्व कप के लिए भारत आ रही है। उन्होंने कल रात हमें इसकी पुष्टि की। एशिया कप से हटने के बाद मैंने उनसे उनकी उपलब्धता के बारे में पूछा था। टूर्नामेंट की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। भोलानाथ ने कहा, 24 देशों में से हमें 23 देशों की सूची मिल गई है।

> हॉकी इंडिया ने कहा, 24 देशों में से हमें 23 देशों की सूची मिली

> ओलंपिक चार्टर हमें जो भी निर्देश देगा, उसका पालन करेंगे

## नया बवाल हेडमास्टर की तरफ बढ़ा तो अन्य शिक्षकों ने पकड़ा, पुलिस के हवाले किया

*हेडमास्टर को दी धमकी, जिंदा नहीं छोड़ूंगा, स्कूल में मची अफरा-तफरी*

# यमुनानगर में हेडमास्टर ने बेटे को पीट दिया तो गंडासा लेकर स्कूल पहुंचा पिता, गाड़ी तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव छोली के राजकीय माध्यमिक विद्यालय के हेडमास्टर ने एक छात्र की पिटाई कर दी। इसके बाद छात्र का पिता गंडासा लेकर स्कूल में पहुंच गया और हेडमास्टर को जान से मारने की धमकी दी। आरोपित ने स्कूल में खड़ी हेडमास्टर की कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। जब वह हेड मास्टर के कार्यालय की तरफ भागा तो अन्य अध्यापकों ने उसे पकड़ लिया और मामले की सूचना पुलिस को दी। व्यासपुर थाना प्रभारी ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर आरोपित व्यक्ति को काबू कर लिया।



- *आरोपित ने स्कूल के हेड मास्टर की कार को किया क्षतिग्रस्त*
- *पुलिस ने आरोपित व्यक्ति को किया गिरफ्तार*



### नशे में था आरोपित

राजकीय माध्यमिक विद्यालय छोली में उस समय हड़कंप मच गया। जब गांव का व्यक्ति हाथ में गंडासा लेकर स्कूल पहुंचा। बताया जा रहा है कि आरोपित ने शराब पी हुई थी। इस दौरान उसने जमकर हुड़दंग मचाया। व्यक्ति से डर कर सभी बच्चे इधर उधर भागने लगे। इस दौरान आरोपित ने स्कूल में खड़ी हेडमास्टर की कार को गंडासा मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

### स्कूल में हड़कंप

आरोपित की पहचान गांव छोली निवासी जसमिंदर सिंह के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपित का लड़का स्कूल में पढ़ता है। टीचर्स द्वारा बच्चे को किसी बात के लिए डांट दिया। यह बात बच्चे ने पिता जसमिंदर को बता दी। इसके बाद जसविंदर स्कूल टीचरों को देख लेने की धमकी दे रहा था। शनिवार को वह स्कूल में पहुंचा तो हेडमास्टर ने उसे घर जाने के लिए कहा। तैश में आकर घर से गंडासा उठाकर लाया व स्कूल में हुड़दंग मचाने लगा।

## खबर संक्षेप

### नहर से शव बरामद दोनों टांगें कटी थी

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव बढाई खेड़ा के पास फतेहाबाद ब्रांच नहर के पुल के नीचे से एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और नवजोत सिंह ढिल्लों की सहारा रेस्क्यू टीम को भी बुलाया गया। टीम के सदस्य मूल कुमार और रमनदीप ने मौके पर पहुंचकर शव को नहर से बाहर निकाला। इसके बाद शव को पहचान हेतु 72 घंटे के लिए शिव गृह में रखवा दिया गया है। रेस्क्यू टीम प्रमुख नवजोत सिंह ढिल्लों ने बताया कि शव करीब 25 वर्षीय युवक का प्रतीत हो रहा है और कई दिन पुराने होने के कारण काफी सड़ चुका था।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में नशीली दवा सहित पकड़ा गया युवक व सप्लायर।

### नशीली गोलियों का जखीरा बरामद

**फतेहाबाद।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए टोहाना व फतेहाबाद की अलग-अलग टीमों ने एक मेडिकल स्टोर संचालक सहित तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। सीआईए टोहाना टीम ने युवक को काबू कर उसके पास से 500 नशीली गोलियों बरामद की।

### पैसे के लेन-देन में व्यक्ति ने जहर निगला

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा जहर निगलकर खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। मृतक के साले ने पुलिस को दी शिकायत में अपने जीजा को तीन लोगों द्वारा प्रताड़ति कर खुदकुशी के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फरीदाबाद: सड़क हादसे में तेंदुए की मौत

**फरीदाबाद।** गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर एक तेंदुए की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेंदुआ अरावली की पहाडिय़ों से निकलकर सड़क पार कर रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। घटना सुबह करीब 5 बजे की है। मृतक तेंदुआ की उम्र तीन वर्ष के लगभग है तथा उसके शव का पोस्टमार्टम गुरुग्राम में करवाने के लिए भेज दिया गया है।

**हरिभूमि ने उठाया था मुद्दा:** अब विधानसभा में गूंजा, समाधान की जगी आस

# हरियाणा की बेटी, राजस्थान की बहू, राजस्थान की बेटी, हरियाणा की बहू, दोनों ही आरक्षण से वंचित

*विधायक ओपी यादव ने विधानसभा सत्र में पिछड़े वर्ग की अन्य राज्यों से आई हुई महिलाओं के लिए आरक्षण की उठाई आवाज, बोले-परिवार पहचान पत्र योजना लागू होने के बाद नहीं बन रहे जाति प्रमाण पत्र।*

- प्रमाण पत्र नहीं बनने से पिछड़े वर्ग की महिलाओं को नहीं मिला लाभ

**सतीश सैनी ▶▶| नारनौल**

सरकार ने नागरिकों की सुविधा के लिए परिवार पहचान पत्र योजना की। परिवार पहचान पत्र दस्तावेज में नागरिकों के परिवार की सभी जानकारी को सत्यापित करके सुरक्षित रखने का कार्य करता है। इस योजना में शामिल होने के बाद नागरिकों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ता है। फिर भी नागरिकों को इस समय असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा राज्य की सीमा राजस्थान सहित अन्य राज्यों के साथ लगती है। इसलिए स्वाभाविक रूप से हरियाणा के लड़कों की शादी अन्य राज्यों के लड़कियों के साथ हो जाती है। अन्य राज्यों से आई हुई नई नवेली दुल्हन राज्य की योजना फैमिली आईडी में तो जुड़ जाती है लेकिन उनके जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जाते है। उसकी वजह से उनको सरकारी योजनाओं तथा नौकरियों में आरक्षण नहीं मिलता है। राज्य के काफी जिलों का लिंग अनुपात कम होने की वजह से उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिमी बंगाल, मध्य प्रदेश से बच्चों की शादी होना सामान्य बात है। अन्य राज्यों से दुल्हन आने के बाद हरियाणा जाति प्रमाण पत्र, ओबीसी सर्टिफिकेट, ईडब्ल्यूस सर्टिफिकेट जैसे अनेक दस्तावेज तैयार होने में परेशानी हो रही है।



**नारनौल।** विधानसभा में आवाज उठाते विधायक ओमप्रकाश यादव।

#### फैमिली आईडी होना जरूरी

जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए माता पिता की फैमिली आईडी होना जरूरी किया गया है। अन्य राज्यों में फैमिली आईडी योजना लागू नहीं होने की वजह से माता-पिता की फैमिली आईडी उपलब्ध नहीं हो पाती है। इस तरह अन्य राज्यों से आई हुई महिलाओं का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। महिलाओं की इस आवाज को दैनिक हरिभूमि लगातार उठा रहा है। इसी मुद्दे को नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव ने शनिवार विधानसभा में उठाया।

#### पिछड़े वर्ग को भर्तियों में मिलती है छूट

सरकारी नौकरियों में छूट पाने के लिए पिछड़े वर्ग का जाति प्रमाण पत्र होना जरूरी है। यदि किसी पिछड़े वर्ग के नागरिक के पास यह प्रमाण पत्र नहीं होता तो उसे सामान्य वर्ग में ही आवेदन करना पड़ता है। इस कारण उन्हें अपने वर्ग के हिसाब से मिलने वाली छूट नहीं मिल पाती।

सीईटी परीक्षा के आवेदन फॉर्म जल्द, नहीं बन रहे जाति प्रमाण पत्र

**प्रमाण पत्र नहीं बनने से पिछड़े वर्ग की महिलाएं छूट से हो रहीं वंचित**



हरिभूमि में प्रकाशित खबर

#### शादी 10-10 साल हो गए, फिर भी लाभ नहीं मिलता

विधानसभा के मानसून सत्र में नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव ने फैमिली आईडी से जाति प्रमाण नहीं बनने के मुद्दे को स्पीकर के माध्यम से सरकार के सामने रखा है। उन्होंने विधानसभा में कहा कि सरकार ने बीसी और ओबीसी के लिए आरक्षण दे रखा है लेकिन बीसी और ओबीसी ग्रुप के जिन लड़कों की शादी राजस्थान में होती है और जो उनकी विवाहिता आती है। उनको हरियाणा प्रदेश के अंदर आरक्षण का लाभ नहीं मिलता है। उनकी शादी को दस-दस साल हो गए है फिर भी लाभ नहीं मिलता है। ये स्थिति परिवार पहचान पत्र योजना लागू होने के बाद हुई है। विधायक ने कहा अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में इस मामले को लाना चाहता हूं और जहां इस में त्रुटि है, उसको जल्द से जल्द ठीक किया जाए ताकि वो इस लाभ से वंचित ना रहे।

**पूरा मामला:** हरियाणा में पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए फैमिली आईडी का इस्तेमाल होता है। इस आईडी में राजस्व विभाग ने पहले ही जाति का सत्यापन किया हुआ है जिससे आवेदक को कुछ ही घंटों में जाति प्रमाण पत्र मिल जाता है। जाति प्रमाण पत्र जारी करने से पहले माता-पिता की आय की जांच की जाती है लेकिन जो महिलाएं शादी होकर दूसरे राज्यों से आई है, उनके माता-पिता की फैमिली आईडी नहीं होती है तो जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पाता।



हरिभूमि में प्रकाशित खबर

#### पांच राज्यों व दो केंद्र शासित प्रदेश से लगती है हरियाणा की सीमा

हरियाणा राज्य की सीमा उत्तर दिशा में पंजाब, चंडीगढ़ व हिमाचल प्रदेश, दक्षिण व पश्चिम में राजस्थान, पूर्व में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड तथा दिल्ली के लगती है। सबसे अधिक सीमा राजस्थान राज्य के साथ 1262 वर्ग किलोमीटर तथा सबसे कम 11 किलोमीटर उत्तराखंड के साथ लगती है। उत्तराखंड राज्य से यमुनागर, हिमाचल प्रदेश से पंचकूला, अम्बाला, यमुनानगर, उत्तर प्रदेश से यमुनानगर, करनाल, सोनीपत, पानीपत, फरीदाबाद, पलवल, नूंह, पंजाब से सिरसा, फतेहाबाद, जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र, अम्बाला, पंचकूला, राजस्थान से सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, नूंह, दिल्ली से फरीदाबाद, गुरुग्राम, झज्जर, सोनीपत, चंडीगढ़ से पंचकूला और अम्बाला जिलों की सीमा लगती है। इसलिए राज्य की महिलाओं को जाति प्रमाण पत्र बनवाने में भारी दिक्कत होती है।

### सिरसा: नामी कंपनी के नकली स्विच पकड़े दुकानदार गिरफ्तार

- कॉपीराइट एवं ट्रेडमार्क कानून के तहत दर्ज शिकायत पर कार्रवाई
- दुकान से 27 पेटियों में 2740 पीस नकली स्विच बरामद किए

**सिरसा।** पुलिस ने नकली उत्पादों की बिक्री पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सिरसा शहर की एक फर्म से एक नामी कंपनी के नकली स्विचों की भारी खेप बरामद की है। पुलिस ने आरोपी दुकानदार को भी गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कॉपीराइट एवं ट्रेडमार्क कानून के तहत दर्ज शिकायत पर की गई। शहर थाना प्रभारी ने शनिवार को बताया कि न्यूक्लिऑन रिस्क कंसल्टिंग प्रा. लि. के ब्रांड मैनेजर यशपाल सपरा गुरुग्राम ने बताया कि उन्हें सूचना मिली है कि सिरसा में उनके कंपनी के नाम पर नकली माल बेचा जा रहा है। यशपाल सपरा ने बताया कि कंपनी की ओर से नकली उत्पादों की जांच हेतु अधिकृत किया गया है। सूचना के आधार पुलिस टीम कंपनी के मैनेजर को साथ मिलकर सिरसा के एसके ट्रेडर्स की जांच के लिए पहुंची। जांच के दौरान दुकान से 27 पेटियों में 2740 पीस नकली स्विच बरामद किए गए। इन स्विचों पर बाहर की पैकिंग पर सरवी लिखा हुआ था, जबकि अंदर स्विच पर नकली तरीके से किसी और कंपनी का ट्रेडमार्क लगाया गया था। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि सभी बरामद स्विच डुप्लीकेट (नकली) हैं।

# खाद विक्रेता के वाहन कब्जाए, छोड़ने के बदले मांगी 25 लाख की फिरौती

**पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

गांव भटली निवासी सुमित ने गांव दुसानी निवासी धर्मेंद्र पर उसके वाहन कब्जाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि वाहन छोड़ने के बदले आरोपी ने उससे 25 लाख रुपये की फिरौती मांगी। ऐसा न करने पर उसे बदमाशों का भी डर दिखाया गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी धर्मेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव भटली निवासी सुमित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी एसके फ्रुट एंड वेजिटेबल सोसायटी नाम से फर्म है। वर्ष-2004 में तबीयत खराब रहने लगी, तब काम बंद करने की योजना बनाई। इसी दौरान उनके परिचित गांव दुसानी निवासी धर्मेंद्र ने उनकी फर्म का काम संभालने की इच्छा जताई। धर्मेंद्र की बातों में आकर उसे गोदाम किराये पर दिया। आरोप है कि धर्मेंद्र ने फर्म का लाइसेंस कृषि विभाग से अपने नाम करवा लिया। सुमित के मुताबिक उनके घर पर वाहनों को खड़ा करने की जगह कम पड़ने पर धर्मेंद्र से बात की, तब धर्मेंद्र ने कहा कि वह वाहनों को अपने गांव दुसानी में खड़ा कर लेगा। इस पर धर्मेंद्र को अपने यहां स्विफ्ट कार, एक्टिवा व ट्रैक्टर का ट्रॉला खड़ा करने के लिए दे दिए।

इसके बाद जब धर्मेंद्र से यह वाहन वापस करने के लिए कहा, तब उसने वाहन वापस देने से इंकार कर दिया। साथ ही बदमाशों का डर दिखाकर धमकी दी। आरोप है कि यह वाहन वापस करने की एवज में धर्मेंद्र ने 25 लाख रुपये फिरौती मांगी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी धर्मेंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि बदमाशों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### रेवाड़ी में कैंटर से टकराई कार, बीएसएफ के रिटायर्ड एसआई की मौत



- बस स्टैंड फ्लाईओवर क्रास करने के बाद हादसा

**धारूहेड़ा।** शुक्रवार देर सायं बस स्टैंड फ्लाईओवर क्रास करने के बाद एक तेज रफ्तार कर कैंटर से टकरा गई। इस हादसे में बीएसएफ के रिटायर्ड एसआई की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। महेंद्रगढ़ के बसई निवासी रिटायर्ड एसआई दलीप सिंह और उसी के गांव का रहने वाला आनंद शुक्रवार को गुरुग्राम से घर के लिए निकले थे। दोनों ऑल्टो कार में सवार हुए थे। ज्यादा स्पीड होने के कारण अनियंत्रित होकर कैंटर से टकरा गई।

**प्रताड़ित करने का आरोप:** जहर पीने से पहले बोला- फौजी ने बहन से दिलाई रेप की शिकायत, मौत के लिए तीन लोग जिम्मेदार

# युवक ने वीडियो बनाकर किया सुसाइड

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

मालखेड़ी गांव के एक युवक ने तीन लोगों पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगा पहले वीडियो बनाई और फिर कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले 38 सेकेंड की वीडियो में युवक ने एक महिला समेत तीन लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है। इस मामले में युवक ने नया बस स्टैंड के पीछे ग्योंग गांव के मार्ग पर खाली पड़ी सुनसान जगह पर आत्महत्या की। जब वहां से गुजर रहे लोगों ने उसका शव पड़ा देखा, जिसके बाद



युवक ने 38 सेकेंड की वीडियो में सुनाई आपबीती

पुलिस को सूचित किया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मालखेड़ी गांव निवासी 28 वर्षीय युवक विक्रम ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या की है। युवक की मौत की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मौके से मिले मोबाइल फोन और अन्य दस्तावेजों के आधार पर मृतक की पहचान की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए भेजा। उधर, परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

#### तीन लोगों पर केस दर्ज, जांच शुरू

परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं। तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है। आरोपियों को जांच में शामिल कर आगामी कार्रवाई की जाएगी।
-थाना प्रभारी सुरेश कुमार

**लखनऊ के कार्यक्रम में अंजलि राघव के साथ वारदात**

# हरियाणवी एक्ट्रेस ने भोजपुरी इंडस्ट्री छोड़ी, बिहार के एक्टर पर गलत तरीके से छूने का आरोप

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

हरियाणवी कलाकार अंजलि राघव ने भोजपुरी इंडस्ट्री छोड़ने का ऐलान कर दिया है। लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर सरेआम भोजपुरी एक्टर पवन सिंह ने अंजलि की कमर छुई। जिससे वे काफी परेशान हुईं। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पवन सिंह अंजलि की कमर छूते दिख रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद विवाद इतना बढ़ा कि अंजलि ने इंस्टाग्राम पर वीडियो डालकर भोजपुरी इंडस्ट्री छोड़ने की बात कही है। अंजलि ने कहा कि उनके कमर छूने से मैं खुद असहज महसूस कर रही थी, लेकिन कार्यक्रम में उनके फैंस के सामने मैं कुछ कहती तो कोई मेरी बात नहीं सुनता। अगर ये सब हरियाणा में हुआ होता, तो पब्लिक खुद जवाब दे देती। इस विवाद के बीच पवन सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर लिखा- एक कहावत है- जिस तन लागे सो तन जाने, कोई न जाने पीर पराई। वीडियो में अंजलि ने कहा- 'राम राम जी, मुझे आपसे एक जरूरी बात करनी है। 2 दिन से मैं परेशान हूं। लगातार मुझे डीएम्स (डायरेक्ट मैसेज) मिल रहे हैं, जिसमें लोग मुझसे पूछ रहे हैं कि लखनऊ वाली घटना पर मैंने कुछ क्यों नहीं कहा है।



अंजलि राघव ने कहा कि उनके कमर छूने से मैं खुद असहज महसूस कर रही थी

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**IN THE COURT OF Sh. Sachin Singhal Civil Judge (Junior Division), Hisar**
Sonu Vs.
The Hisar Shiv Shakti Cooperative House Building Society Limited
**CNR No. HRHS02-001448-2024**
**Next Date:-29-10-2025**

Suit for declaration to the effect that the plaintiff is the absolute owner in possession of plot no. 226 having dimensions of 24' X 60' measuring 160 Square yards situated at Surya nagar, Phase-II, Hisar, district Hisar on the basis of family settlement having been arrived into between the plaintiff and proforma defendants in the month of January, 2024 being the only legal heirs of deceased shri jagdish singh in whose (Jagdish singh's) favour the above said plot was allotted by the defendant no. 1 society vide membership no. 490 certificate no. 623 dated 11.08.1997 and further that there is no other legal heirs of deceased shri Jagdish singh except the plaintiff and proforma defendants with mandatory injunction directing the defendant no. 1 to record/incorporate the name of the plaintiff in their records for all intents and pruposes in place of the name of Shri Jagdish singh as the nominee of the said plot i.e. mother of plaintiff has also since expired with consequential relief of injunction restraining defendant no. 1 from incorporating the name of any other person in their records except the name of plaintiff in any manner, whatsoever. On the basis of evidence of all kinds-oral as well as documentary of every description.

**PUBLICATION ISSUED TO:**
General Public :- Hisar

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 29-10-2025 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=districtnotice &district=Hisar

**Sd/- Civil Judge, (Junior Division), Hisar**
Dated, this day of 29-08-2025

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**IN THE COURT OF Sh. Sachin Singhal, Civil Judge (Junior Division), Hisar**
Usha Rani Vs.
Shyam Sunder
**CNR No. HRHS02-002514-2020**
**Next Date:- 01-10-2025**

Suit for possession of land comprised in Khasra No.89//24/1 in Northern Eastern corner two houses in which the defendant No.1 is sitting ir the house measuring 23x36-92 Sq. Yards unauthorised in possession. Similarly defendatn No.2 is laso sitting in the house near about 92.89 Sq. Yards in Khasra No. 89//24/1 measuring 92 Sq. Yards without any legal documents or authority and the paintiff is owner by way of sale deed transfer deed bearing No.3907 dated 11.07.2019 and is entitled to take vacant pysical possession of both the houses from the defendant No.1 and 2 alongwith mesne profit of Rs. 3000/- per month each from the date of sale deed dated 11.07.2019 and till final possession. Khasra No.89//24/1 situated at Village satrod Khas, Dist. Hisar liable to be set aside not binding on the right of plaintiff and the plaintiff is entitled to take possession of vacant house in which the defendants No.1 and 2 are sitting unautorise on the basis of fraudlent allotment letters with a consequential relief tah the defendanats No.1 and 2 are liable to be dispossessed from the land stated above wit consequential relief to the effect that defendanats No.3 and 4 be restrained not to alienate the land or transfer in any manner to another person till the final dispossal of the suit further the defendants No.1 and 2 be directed that they be paid mesne profits to the plaintiff on the basis of evidence of all kinds.

**PUBLICATION ISSUED TO:**
Mahender Singh, President, Surajmukhi Co-op. House Building Society Ltd., Office situated at Tosham Road, Near Purnima Dhaba, Hisar

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 01-10-2025 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=districtnotice &district=Hisar

**Sd/- Civil Judge, (Junior Division), Hisar**
Dated, this day of 25-08-2025

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।


**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**
सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज


## शब्द पहेली - 5974




**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -5973 का हल**





# मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए 1.98 लाख लोगों ने किया आवेदन

एजेंसी ▶▶ पटना

**बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आयोग का बड़ा खुलासा**

इंडिया गठबंधन बिहार के 65 लाख मतदाताओं के नाम काटने को लेकर लगातार चुनाव आयोग और मोदी सरकार पर हमलावर है। राहुल के नेतृत्व में बिहार में वोटर अधिकार यात्रा निकाली गई है। लेकन, चुनाव आयोग ने जो आकंड़े पेश किए हैं, वह चौंकाने वाले हैं। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बड़ी संख्या में दावों और आपत्तियों की जानकारी दी है। अब तक 1.98 लाख लोगों ने अपना नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए आवेदन किया है। वहीं, 29,879 लोगों ने सूची में नाम जोड़ने की मांग की है। चुनाव आयोग ने शनिवार को मतदाता पुनरीक्षण कार्य का डेली बुलेटिन जारी किया। चुनाव आयोग ने बताया कि मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित होने के 30 दिन बाद दो राजनीतिक दल को छोड़कर किसी भी राजनीतिक दल की ओर से दावा या आपत्ति नहीं की गई है।

### लोगों ने दस्तावेज जमा किए

आयोग के अनुसार, फिलहाल 7.24 करोड़ मतदाताओं में से 99.11 फीसदी लोगों ने अपने दस्तावेज सत्यापन के लिए जमा कर दिए हैं। बिहार की अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी



भोजपुर में बोले राहुल

### 'वोटर अधिकार यात्रा' रूपी क्रांति पूरे देश में फैलेगी



**भोजपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि बिहार से 'वोटर अधिकार यात्रा' रूपी क्रांति शुरू हुई है, जो पूरे देश में फैलने जा रही है। उन्होंने भोजपुर में आयोजित एक सभा में कहा कि बिहार से ही यह क्रांति, वोटर अधिकार यात्रा शुरू हुई और यह पूरे देश में फैलने जा रही है। यह चोरी सिर्फ आपके वोट की नहीं, बल्कि आपके अधिकार की चोरी है और आपके भविष्य की चोरी है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी, भाजपा नहीं चाहते हैं कि गरीबों की आवाज इस देश में नहीं सुनी जाए और दबाई जाए।

वोटर अधिकार यात्रा का आरा में विरोध

### भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने दिखाए काले झंडे



बिहार में वोट अधिकार यात्रा को लेकर सियासत जारी है। शनिवार दोपहर भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने आरा में इस यात्रा का विरोध किया। इतना ही नहीं भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को काले झंडे दिखाए और उनका जमकर विरोध किया। हालांकि विरोध कर रहे युवाओं में से कई से राहुल गांधी ने खुद जाकर बातचीत की और उनसे जानने की कोशिश की कि उनका गुस्सा किस बात पर है? इसके जवाब में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने अपना पक्ष साफ तौर पर रखा।

### चुनाव आयोग को 'जुगाड़ आयोग' बनाया

अखिलेश का आरोप



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निर्वाचन आयोग को 'जुगाड़ आयोग' बना दिया है और जनता भाजपा का रथ फिर रोकेगी। उन्होंने कहा हमने उन्हें अवध में हराया था, आप लोग उन्हें मगध (बिहार) हराइए। यादव ने कहा कि बिहार का महत्वपूर्ण चुनाव है, जिस पर पूरे देश की निगाहें हैं। यह उत्साह बता रहा है कि जनता भाजपा और उसके सहयोगियों को हराने जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं नारा दे रहा हूं: अबकी बार, भाजपा बिहार से बाहर। सपा नेता ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से बढ़कर कोई 'सिरफिरा फैसला' नहीं हो सकता। बिहार ने एक बार भाजपा का रथ रोका था और इस बार भी बिहार के लोग भाजपा का रथ रोकेंगे।

### कल तृणमूल नेता 'वोटर अधिकार यात्रा' में होंगे शामिल

तृणमूल कांग्रेस के नेता यूसुफ पठान और ललितेश त्रिपाठी बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के अंतिम चरण में सोमवार को हिस्सा लेकर अपनी पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। पार्टी ने फैसला किया है कि दोनों नेता एक सितंबर को रैली में पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि 'वोटर अधिकार यात्रा' का समापन सोमवार को पटना में होगा।

## भारत सरकार ने शुल्क को अनुचित, अन्यायपूर्ण और असंगत बताया

# अमेरिकी टैरिफ के आगे नहीं झुकेगा भारत नए बाजारों की तलाश करेंगे : पीयूष गोयल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लागू हो जाने के बाद पहली बार भारत सरकार ने कहा है कि देश किसी दबाव में झुकेगा नहीं। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत नए बाजार तलाशेगा। दिल्ली में एक निर्माण उद्योग सम्मेलन में उन्होंने कहा, भारत न तो कभी झुकेगा और न ही कमजोर दिखेगा। हम मिलकर आगे बढ़ेंगे और नए बाजारों पर कब्जा करेंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि चालू वित्तीय वर्ष में भारत का निर्यात 2024-25 की तुलना में अधिक रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की वापसी के बाद अमेरिका ने फिर से टैरिफ को एक राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। इस बार भारत को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि उसने रूस से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीदना जारी रखा है। अमेरिका चाहता है कि दुनिया रूस पर आर्थिक दबाव डाले ताकि यूक्रेन युद्ध का अंत हो, लेकिन भारत ने तेल खरीद को अपने ऊर्जा सुरक्षा के लिए अनिवार्य बताया है। भारत सरकार ने इन टैरिफों को अनुचित, अन्यायपूर्ण और असंगत बताया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इतने ऊंचे शुल्क कई क्षेत्रों पर लगभग व्यापार प्रतिबंध जैसा असर डालेंगे। छोटे और मध्यम उद्योगों को सबसे बड़ा झटका लग सकता है। निर्यातकों की मुश्किलें अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाज़ार रहा है। 2024 में भारत ने वहां 87.3 अरब डॉलर का निर्यात किया था।

**टैरिफ को एक राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया**

*चालू वित्त वर्ष में 2024-25 की तुलना में अधिक रहेगा निर्यात*

*रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण बनाया जा रहा निशाना*

### छोटे और मध्यम उद्योगों को लग सकता है सबसे बड़ा झटका



### अमेरिकी कंपनियों ने ऑर्डर रद्द किए

*कई निर्यातकों ने बताया है कि अमेरिकी कंपनियों ने उनके ऑर्डर रद्द कर दिए हैं। खासकर टेक्सटाइल और सीफूड सेक्टर से ऑर्डर बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों को मिलने लगे हैं। इससे भारत में भारी पैमाने पर नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है। सरकार ने संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में निर्यातकों को राहत देने के लिए कई कदम उठाए जाएंगे। इसमें सब्सिडी, नए बाजारों के लिए प्रोत्साहन और वैकल्पिक व्यापार साझेदारी पर जोर शामिल हो सकता है।*

### नए बाजार की तलाश

*इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान के दौरे पर हैं। टोक्यो में जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा से मुलाकात के दौरान दोनों देशों ने आर्थिक और रक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। इशिबा ने घोषणा की कि जापान अगले दस वर्षों में भारत में निजी निवेश को दोगुना कर 10 अरब येन (लगभग 680 करोड़ रुपये) तक ले जाएगा। मोदी ने जापान को ‘तकनीक का पावरहाउस’ और भारत को प्रतिभा का पावरहाउस बताते हुए कहा कि दोनों देशों का मेल एशिया और दुनिया के लिए नए अवसर खोलेगा।*

### कोई स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि डिफेंस सेक्टर में भारत के लिए आत्मनिर्भर होना बेहद आवश्यक है और इसके लिए देश किसी विदेशी आपूर्ति पर निर्भर नहीं रह सकता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय आयात पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा कि कोई स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं है। उन्होंने कहा, 'कोई स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता, केवल हित स्थायी होते हैं। वैश्विक स्तर पर अभी व्यापार के लिए युद्ध जैसी स्थिति है।' उन्होंने कहा कि विकसित देश तेजी से संरक्षणवादी हो रहे हैं, लेकिन भारत अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा।

### व्यापारियों ने अमेरिकी शुल्क नीति के खिलाफ किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली के सदर बाजार में स्थित कुतुब रोड चौक पर शनिवार को सैकड़ों व्यापारी एकत्रित हुए और अमेरिका की ओर से भारतीय उद्योगों पर शुल्क लगाए जाने के खिलाफ प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने कहा कि इस कदम से द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को नुकसान होगा। फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन (एफईएसटीए) के तत्वावधान में विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था और इसका नेतृत्व एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा और अध्यक्ष राकेश यादव ने किया। व्यापारियों ने “टैरिफ नीति वापस लो” और “आर्थिक तानाशाही बंद करो” जैसे संदेशों वाली तख्तियां ले रखी थीं। पम्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, “शुल्क नीति भारतीय उद्योगों को प्रभावित करेगी, जो पहले से ही लंबित निर्यात ऑर्डरों के कारण घाटे का सामना कर रहे हैं।

विपक्षी राज्यों ने की मांग

### जीएसटी राजस्व हानि पर मुआवजा दे केंद्र, 2 लाख करोड़ का सालाना घाटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विपक्ष शासित राज्यों ने प्रस्तावित जीएसटी सुधार से होने वाले नुकसान के भरपाई के लिए पांच साल तक मुआवजे की मांग की है। इनका दावा है कि टैक्स का दो स्लैब करने से 1.5 लाख करोड़ से 2 लाख करोड़ तक के राजस्व का नुकसान हो सकता है। आठ राज्यों-हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, पंजाब, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री जीएसटी परिषद की बैठक में मांग रखेंगे। सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में पांच और 18 फीसदी के अलावा कुछ सामानों पर 40 फीसदी टैक्स का प्रस्ताव दिया है। विपक्ष शासित राज्यों की मांग है, यह शुल्क राज्यों के बीच बांटा जाना चाहिए। कर्नाटक के वित्त मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने कहा, हर राज्य को मौजूदा जीएसटी राजस्व में 15 से 20% की कमी होने की उम्मीद है। जीएसटी राजस्व में 20% की कमी राज्य सरकारों के राजकोषीय ढांचे को गंभीर रूप से अस्थिर कर देगी। राज्यों को राजस्व स्थिर होने तक पांच साल तक मुआवजा मिलना चाहिए। जब जीएसटी लागू हुआ था, तब राजस्व-तटस्थ दर (आरएनआर) 14.4% थी। अब शुद्ध दर घटकर 11% हो गई। स्लैब में कटौती के वर्तमान प्रस्ताव से कराधान की शुद्ध दर घटकर 10% हो जाएगी।

### पुरी रथ यात्रा में इस्तेमाल रथों के पहिये संसद भवन में स्थापित किए जाएंगे

**भुवनेश्वर (भाषा)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पुरी रथ यात्रा के दौरान इस्तेमाल किए गए रथों के तीन पहिये संसद परिसर में स्थापित करने के श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एसजेटीए ने एक बयान में कहा, ''पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के दौरे के दौरान प्रशासन ने संसद परिसर में रथों के तीन पहिये स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। बिरला ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।'' हम माननीय अध्यक्ष के प्रति अत्यंत आभारी हैं कि उन्होंने रथ यात्रा के दौरान इस्तेमाल किए गए तीन रथों में से प्रत्येक रथ का एक पहिया संसद परिसर में एक प्रमुख स्थान पर स्थापित करने के हमारे प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की।'' केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और पुरी से सांसद संबित पात्रा के साथ पहुंचे बिरला का शुक्रवार को लायन्स गेट पर एसजेटीए के मुख्य प्रशासक ने स्वागत किया।

**THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT**

**“E-Tender Notice”**

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr.No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Reshelling and Deshelling of under feed rollers with grooving as per our drawings and specification. | 2025_HBC_468914_1 |
| 2. | Contract for Complete Operation and Maintenance of Sugar Plant of 2200 TCD for off seasons 2025, and crushing seasons 2025-26 as per Annexure 'A', 'B', 'C' and index 'I' | 2025_HBC_468938_1 |

All the tenders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 05.09.2025 at 09.05 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 05.09.2025 at 10:00 A.M. and the negotiation will be held on 05.09.2025 at 12:30 PM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

**Sd/-Managing Director,**
**The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd.,Sonipat**

### एमबीबीएस प्रवेश घोटाला छह स्थानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** कश्मीर में अपराध शाखा ने एमबीबीएस प्रवेश घोटाले के सिलसिले में शनिवार को घाटी में छह स्थानों पर छापे मारे। अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा ने चार व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज एक मामले पर कार्रवाई करते हुए छापे मारे। इन आरोपियों ने कई लोगों को बांग्लादेश में कथित तौर पर फर्जी एमबीबीएस दाखिले का प्रस्ताव दिया गया था। जांच में पता चला है कि इन आरोपियों ने मेडिकल में दाखिला दिलाने के नाम पर भारी मात्रा में धन इकट्ठा किया था लेकिन किसी भी मेडिकल कॉलेज में कोई पैसा हस्तांतरित नहीं किया गया। प्रारंभिक जांच में धोखाधड़ी के आरोपों की पुष्टि हुई है जिसके बाद भारतीय दंड संहिता की धाराओं 420 और 120-बी के तहत धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया गया।

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की कॉलेजियम से मांग

# सर्वोच्च न्यायालय में की जाए महिला न्यायाधीशों की पदोन्नति

**कुल 1100 स्वीकृत पदों में से 103 पर महिलाएं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने शीर्ष अदालत और देशभर के हाईकोर्ट में महिला न्यायाधीशों के कम प्रतिनिधित्व पर चिंता जाहिर की। एसोसिएशन ने प्रस्ताव में कहा कि कॉलेजियम से अनुरोध किया जाता है कि वे सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायिक नियुक्तियों के आगामी दौर में अधिक महिला न्यायाधीशों की पदोन्नति पर तत्काल और उचित विचार करें। देशभर में उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के लगभग 1100 स्वीकृत पद हैं। जिनमें से लगभग 670 पर पुरुष और केवल 103 पर महिलाएं कार्यरत हैं। जबकि शेष रिक्त हैं। बार निकाय ने कहा कि यह रिकॉर्ड में दर्ज है।

### महिला न्यायाधीश को पदोन्नति नहीं दी गई



एसोसिएशन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) इस बात पर गहरी निराशा व्यक्त करता है कि सुप्रीम कोर्ट में हाल ही में हुई नियुक्तियों में बार या बेंच से किसी भी महिला न्यायाधीश को पदोन्नत नहीं किया गया। जबकि 2021 से सुप्रीम कोर्ट में किसी भी महिला न्यायाधीश की नियुक्ति नहीं हुई है। वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट की बेंच में केवल एक महिला न्यायाधीश कार्यरत है। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस को निगरानी रजिस्टर में केवल व्यक्तिगत पसंद या नापसंद के आधार पर मनमाने ढंग से व्यक्तियों के नाम दर्ज करने का कोई अप्रतिबंधित लाइसेंस नहीं है।

**ताकत का इस्तेमाल नहीं कर सकती पुलिस**

उत्तर प्रदेश गोहत्या निवारण अधिनियम के तहत 8 साल पहले दर्ज किए गए एक केस की हिस्ट्रीशीट को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बंद करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस नागरिकों को दी गई मौलिक स्वतंत्रता को कम करने के लिए 'बेलगाम और अनियंत्रित शक्ति' का प्रयोग नहीं कर सकती।

मराठा आरक्षण: जरांगे की धमकी- धैर्य की परीक्षा न लें

# मराठवाड़ा के मराठों को कुनबी घोषित करें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जारंगे और सरकार की ओर से नियुक्त प्रतिनिधिमंडल के बीच शनिवार को दोपहर दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में हुई बातचीत बेनतीजा रही। शिंदे और जारंगे के बीच हुई पूरी बातचीत का मराठी समाचार चैनलों पर सीधा प्रसारण किया गया। जरांगे ने उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश संदीप शिंदे को उनके साथ बातचीत के लिए भेजने पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस की भी आलोचना की। शिंदे मराठों को आरक्षण देने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष हैं। बता दें, जरांगे मराठा समुदाय के लिए सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग को लेकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं।

**बातचीत का मराठी चैनलों पर सीधा प्रसारण किया गया**

### 2000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात



प्रतिनिधिमंडल और जरांगे के बीच हुई बातचीत बेनतीजा रही

**पैनल अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे :** जरांगे ने कहा कि सेवानिवृत्त न्यायाधीश शिंदे की अध्यक्षता वाली समिति ने पिछले 13 महीनों से इस मुद्दे से संबंधित राजपत्रों का अध्ययन किया है। अब समय आ गया है कि पैनल अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे, ताकि मराठों को कुनबी का दर्जा मिल सके। उन्होंने मांग की है कि मराठों को कुनबी के रूप में मान्यता दी जाए। कुनबी एक कृषि प्रधान जाति, जो ओबीसी श्रेणी में शामिल है, जिससे वे सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण के पात्र बनेंगे।

### सीएम बोले- सरकार चर्चा कर रही

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उनकी सरकार मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की मांगों को कानूनी और संवैधानिक ढांचे के भीतर पूरा करने के लिए काम कर रही है। पिछले साल मराठा समुदाय को (सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग श्रेणी के तहत) दिया गया 10 प्रतिशत आरक्षण अभी भी लागू है। सरकार सामाजिक और वित्तीय मुद्दों को हल करने के लिए सकारात्मक है।

**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ -2025**

आगामी त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा त्यौहार विशेष रेलगाडियाँ नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी:–

**04450/04449 नई दिल्ली-दरभंगा जं.-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन)** | 122 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04450 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04450 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04449 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04449 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 15:10 | नई दिल्ली | 23:00 | --- |
| 16:30 | --- | दरभंगा जं. | --- | 18:15 |

**चलने के दिन: 04450 नई दिल्ली से** दिनांक 20.09.2025 से 15.10.2025 एवं 27.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन) और **04449 दरभंगा जं. से** दिनांक 21.09.2025 से 16.10.2025 एवं 28.10.2025 से 01.12.2025 तक (प्रतिदिन)
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. स्टेशन।

**04454/04453 नई दिल्ली-मानसी जं.-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन)** | 122 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04454 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04454 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04453 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04453 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:00 | नई दिल्ली | 03:00 | --- |
| 23:30 | --- | मानसी जं. | --- | 01:10 |

**चलने के दिन: 04454 नई दिल्ली से** दिनांक 20.09.2025 से 15.10.2025 एवं 27.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन) और **04453 मानसी जं. से** दिनांक 22.09.2025 से 17.10.2025 एवं 29.10.2025 से 02.12.2025 तक (प्रतिदिन)
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय और खगड़िया जं. स्टेशन।

**04456/04455 नई दिल्ली-धनबाद जं.-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन)** | 122 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04456 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04456 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04455 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04455 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:40 | नई दिल्ली | 06:00 | --- |
| 02:20 | --- | धनबाद जं. | --- | 04:00 |

**चलने के दिन: 04456 नई दिल्ली से** दिनांक 20.09.2025 से 15.10.2025 एवं 27.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन) और **04455 धनबाद जं. से** दिनांक 22.09.2025 से 17.10.2025 एवं 29.10.2025 से 02.12.2025 तक (प्रतिदिन)
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., भदोही, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो स्टेशन।

**04458/04457 आनन्द विहार(टर्मि.)-भागलपुर-आनन्द विहार(टर्मि.) आरक्षित त्यौहार विशेष एक्स. (प्रतिदिन)** | 122 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04458 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04458 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04457 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04457 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 13:40 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 22:00 | --- |
| 14:30 | --- | भागलपुर | --- | 18:00 |

**चलने के दिन: 04458 आनन्द विहार(टर्मि.) से** दिनांक 20.09.2025 से 15.10.2025 एवं 27.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन) और **04457 भागलपुर से** दिनांक 21.09.2025 से 16.10.2025 एवं 28.10.2025 से 01.12.2025 तक (प्रतिदिन)
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पटना जंक्शन, पटना साहिब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जंक्शन, बाढ़, मोकामा, हाथीदा जंक्शन, बड़हिया, लक्खीसराय जंक्शन, किऊल जंक्शन, कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जंक्शन, बरियारपुर और सुल्तानगंज स्टेशन।

**04016/04015 आनन्द विहार(टर्मि.)-सीतामढ़ी-आनन्द विहार(टर्मि.) आरक्षित त्यौहार विशेष एक्स. (प्रतिदिन)** | 122 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04016 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04016 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04015 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04015 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 15:30 | आनन्द विहार(टर्मि.) | 18:15 | --- |
| 15:00 | --- | सीतामढ़ी | --- | 16:30 |

**चलने के दिन: 04016 आनन्द विहार(टर्मि.) से** दिनांक 20.09.2025 से 15.10.2025 एवं 27.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन) और **04015 सीतामढ़ी से** दिनांक 21.09.2025 से 16.10.2025 एवं 28.10.2025 से 01.12.2025 तक (प्रतिदिन)
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनियां स्टेशन।

**09639/09640 मदार जं.-रोहतक जं.-मदार जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन)** | 60 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09639 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09639 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09640 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09640 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 04:30 | मदार जं. | 22:35 | --- |
| 12:50 | --- | रोहतक जं. | --- | 13:20 |

**चलने के दिन: 09639 मदार जं. से** और **09640 रोहतक जं. से** दिनांक 01.09.2025 से 30.09.2025 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान:** सामान्य
**ठहराव:** किशनगढ़, नरेना, फुलेरा जं., रेनवाल, बधाल, रींगस जं., श्रीमाधोपुर, कांवट, भगेगा, नीम का थाना, मांवड़ा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुण्ड, रेवाड़ी जं., गोकलगढ़, झज्जर और अस्थल बोहर जं. स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

**भारत ने अमेरिकन टैरिफ की धौंस के समक्ष झुकने से स्पष्ट इनकार कर दिया है। यही कारण है कि अमेरिकी वित्तमंत्री के स्वर भारत के प्रति बदलने लगे हैं। शुरुआत में भारत ने टैरिफ पर नरम रुख अपनाया था। यही कारण रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के खिलाफ एक भी सख्त शब्द का इस्तेमाल नहीं किया है। टैरिफ के मसले को सुलझाने और इसका समुचित निदान निकालने की खातिर भारत की तरफ से अमेरिका के साथ कूटनीतिक और व्यापारिक वार्ताओं के तमाम रास्ते बाकायदा खुले रखे गए। टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका द्वारा कुतर्क पेश किया गया कि भारत बड़ी मात्रा में तेल खरीदकर यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध में रूस की आर्थिक मदद कर रहा है। ट्रंप के इस बेबुनियाद आरोप के उत्तर में भारत ने कहा कि रूस से तेल की खरीदारी तो चीन और यूरोप ज्यादा कर रहे हैं। अमेरिका स्वयं ही रूस से यूरेनियम तथा कुछ अन्य खनिज पदार्थ खरीदता रहा है। फिर आखिर क्यों दोहरा मानदंड अपनाया जा रहा है, लेकिन अमेरिका अपने आरोप पर अड़ा रहा और भारत पर 50 फीसदी टैरिफ थोप दिया। अब जबकि भारत ने इससे निपटने की तैयारी कर ली है तो इसे विश्व बिरादरी में अमेरिका को झटके के रूप में देखा जा रहा है। भारत के इसी जवाब का विश्लेषण करता है आजकल का यह विशेष अंक...**

# टैरिफ का माकूल जवाब देगा भारत



विश्लेषण
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**प्रारम्भ में अमेरिकी प्रशासन ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, किंतु बाद में रूस से तेल खरीदारी जारी रखने के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ और थोप दिया। भारत और अमेरिका के मध्य उत्पन्न समस्त व्यापारिक और कूटनीतिक कटुताओं के बीच दुनिया के दो महान लोकतांत्रिक राष्ट्रों भारत और अमेरिका के मध्य परस्पर व्यापारिक समझौते की उम्मीद अभी तक बरकरार है। भारत यकीनन अमेरिका से अपने ताल्लुकात कदाचित खराब करना नहीं चाहता है। अमेरिका के साथ भारत के तनाव के दौर में शंघाई सहयोग संगठन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिरकत का कूटनीतिक महत्व कुछ अधिक बढ़ गया है।**

आखिरकार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ आयद कर ही दिया गया। उल्लेखनीय है कि प्रारम्भ में अमेरिकी प्रशासन ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ आयद किया था, किंतु बाद में रूस से तेल खरीदारी जारी रखने के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ और थोप दिया गया। भारत और अमेरिका के मध्य उत्पन्न समस्त व्यापारिक और कूटनीतिक कटुताओं के बीच दुनिया के दो महान लोकतांत्रिक राष्ट्रों भारत और अमेरिका के मध्य परस्पर व्यापारिक समझौते की उम्मीद अभी तक बरकरार है। जिस दिन 27 अगस्त को प्रातः साढ़े नौ बजे भारत पर अमेरिकन टैरिफ बाकायदा अंजाम दे दिया गया, उसी दिन अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट का एक बयान सामने आया, जिसमें उन्होने फरमाया कि अमेरिका और भारत के परस्पर ताल्लुकात भले ही आजकल अत्यंत जटिल और तनावपूर्ण हालात में पहुंच गए हैं, किंतु निकट भविष्य में दोनों देशों के मध्य व्यापार समझौते की गुंजाइश निरंतर कायम बनी हुई है। स्कॉट बेसेंट भारत के विरुद्ध पचास प्रतिशत यहां तक कि सौ प्रतिशत टैरिफ आयद करने के प्रबल हिमायती रहे हैं। अमेरिका के वित्तमंत्री द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध को विस्मयकारी तौर पर प्रधानमंत्री मोदी का युद्ध करार दे दिया गया है।

समस्त विश्व बखूबी जानता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस की धरती पर खड़े होकर और राष्ट्रपति पुतिन के समक्ष तकरीर की थी और उस तक़रीर में मोदी ने फरमाया था कि आज का दौर युद्ध का दौर कदाचित नहीं है, वरन् यह दौर तो शांति, स्थिरता और तरक्की का दौर है।

## अमेरिकी वित्तमंत्री के परिवर्तित स्वर

अब क्योंकि भारत सरकार ने अमेरिकन टैरिफ की नाजायज धौंस और दबाव के समक्ष झुकने से एकदम स्पष्ट इनकार कर दिया है और टैरिफ के जटिल प्रश्न पर अमेरिका के विरुद्ध सख्त रुख अख्तियार कर लिया है तो फिर अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट के स्वर भारत के प्रति परिवर्तित होने लगे हैं। प्रारम्भ में भारत ने टैरिफ प्रकरण पर अपेक्षाकृत नरम अंदाज अपनाया था। ट्रंप द्वारा अंजाम दिए जा रहे भारत विरोधी टैरिफ आक्रमण के बावजूद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के बरखिलाफ एक भी सख्त अल्फाज का इस्तेमाल नहीं किया है। भारत के भरोसेमंद कूटनीतिक सूत्रों के मुताबिक टैरिफ के मसले को सुलझाने और इसका समुचित निदान निकालने की खातिर भारत की तरफ से अमेरिका के साथ कूटनीतिक और व्यापारिक वार्ताओं के तमाम रास्ते बाकायदा खुले रखे गए हैं। भारत पर टैरिफ आयद करने के लिए अमेरिका द्वारा प्रायः कुतर्क पेश किया गया कि भारत द्वारा रूस से बहुत बड़ी मात्रा में तेल खरीद कर, भारत वस्तुतः यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध संचालित करने में रूस की आर्थिक इमदाद कर रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बेबुनियाद इल्जाम के प्रतिउत्तर में भारत ने कहा कि भारत से कहीं अधिक रूस से तेल की खरीदारी तो चीन और यूरोप के देश कर रहें हैं और अमेरिका स्वयं ही रूस से यूरेनियम तथा कुछ अन्य खनिज पदार्थ खरीदता रहा है। फिर आखिर क्यों अन्यायपूर्ण तौर पर दोहरा मानदंड अख्त्यार करके अमेरिका द्वारा भारत के विरुद्ध ही टैरिफ आक्रमण अंजाम दिया जा रहा है।

## भारत ने की व्यापार वार्ता स्थगित

भारत और अमेरिका के मध्य विगत महीनों से जारी रही व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने की खातिर 25 अगस्त को अमेरिकन वार्ताकारों के एक दल का भारत आगमन निश्चित हुआ था। किंतु 6 अगस्त को राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ आयद करने के ऐलान के बाद भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को भारत द्वारा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। फरवरी 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे में भारतीय प्रधानमंत्री और अमेरिका राष्ट्रपति ने संयुक्त बयान में कहा था कि दोनों देशों द्वारा व्यापार समझौते पर इस वर्ष के अंत तक हस्ताक्षर कर दिए जाएंगे। व्यापार वार्ता के दौरान अमेरिकन प्रशासन चाहता था कि अमेरिका के एग्रीकल्चर, डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए और मिड साइज कारों के लिए भारत को अपना बाजार अमेरिका के लिए खोल देना चाहिए। व्यापार समझौता वार्ता में अमेरिका की इस पेशकश को स्वीकार करने के लिए भारत कदाचित तैयार नहीं हुआ। भारतीय प्रधानमंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि भारत सरकार अपने किसानों के हितों की हिफाजत हर कीमत पर करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत विरोधी टैरिफ वार का जबरदस्त विरोध अमेरिका की सरजमीन पर ही होने लगा है। अमेरिकी हुकूमत में सत्तासीन रिपब्लिकन पार्टी की वरिष्ठ लीडर निकी हैली ने निरंतर बिगड़ते हुए भारत अमेरिकी संबंधों पर अपनी गहन चिंता का इजहार किया है।

## राष्ट्रपति ट्रंप की कड़ी आलोचना

निकी हैली ने कहा है कि अमेरिकी प्रशासन को यह बात समझ लेनी चाहिए कि चीन का मुकाबला करने के लिए भारत जैसे मित्र की अमेरिका को अत्यंत आवश्यकता है। उल्लेखनीय है निकी हेली राष्ट्रपति ट्रंप की कटु आलोचक रही हैं। सन् 2021 में कैपिटल हिल में अंजाम दी गई हिंसात्मक वारदातों को लेकर उन्होंने सार्वजनिक तौर पर डोनाल्ड ट्रंप की तीखी आलोचना की थी और कहा था कि हमें यह बात तस्लीम करनी चाहिए कि ट्रंप ने अमेरिका को सारी दुनिया में शर्मिंदा किया है। सन् 2024 में निकी हेली रिपब्लिकन पार्टी में राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी की दावेदार थी, किंतु अपनी स्थिति को कमजोर भांपकर उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन कर दिया था। पांच दफा सीनेटर रहे अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने भी फरमाया है कि राष्ट्रपति ट्रंप की नकारात्मक नीतियों के कारण अमेरिका के निकट सहयोगी देश उससे दूर होते जा रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे जॉन बोल्टन द्वारा भारत पर टैरिफ लगाए जाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की कड़ी आलोचना की गई। भारत के समर्थन और डोनाल्ड ट्रंप के विरोध करने का परिणाम जॉन बोल्टन को एफबीआई के हाथों भुगतना पड़ा है। अमेरिका में विदेश नीति के प्रमुख जानकार यह स्वीकार करते हैं कि अमेरिका और भारत के बीच बढ़ रही दूरियां वस्तुतः दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति की ओर इशारा कर रही हैं। प्रख्यात अमेरिकी अर्थशास्त्री रिचर्ड वुल्फ का कहना है कि अमेरिका भारत पर अत्याधिक टैरिफ आयद करके वस्तुतः अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहा है।

रिचर्ड वुल्फ आगे फरमाते हैं कि आखिरकार भारत दुनिया में अपने सामान के लिए बाजार खोज ही लेगा। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अंजाम दी जा रही भारत विरोधी टैरिफ वार यकीनन भारत और चीन को दोस्त तथा भारत और अमेरिका को शत्रु बना देगी। अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर आयद किए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के कारणवश भारत को फिलहाल तकरीबन 50 अरब डॉलर की आर्थिक क्षति झेलनी पड़ सकती है। अमेरिकी टैरिफ का सबसे अधिक नुकसान भारत में निर्मित वस्त्रों, चमड़े के सामान, हैंडी क्राफ्ट, झींगा आदि अनेक उद्योगों को झेलना पड़ सकता है। एक अनुमान के मुताबिक निकट भविष्य में भारतीय जीडीपी में सालाना लगभग 2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा सकती है। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी टैरिफ से अंजाम दी जाने वाली निर्यात क्षति को रोकने की खातिर भारत सरकार व्यापारिक और कूटनीतिक तौर पर विश्व के 40 से अधिक देशों के साथ निकट संपर्क स्थापित किए हुए हैं, ताकि अमेरिका को निर्यात घट जाने की स्थिति का समुचित तौर पर मुकाबला किया जा सके। इन देशों में खासतौर पर ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, सऊदी अरब, साउथ कोरिया, जापान, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, आयरलैंड आदि अनेक देश शामिल हैं। भारत द्वारा चिन्हित किए गए चालीस से अधिक देशों में तकरीबन 590 अरब डॉलर के वस्त्रों को आयात किया जाता हैं। इन समस्त देश में अभी तक कुल मिलाकर भारत से केवल 6 फ़ीसदी वस्त्रों का निर्यात होता है।

## विश्व पटल पर कूटनीतिक गतिविधियां तेज

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जारी टैरिफ वार के विकट दौर में विश्व पटल पर कूटनीतिक गतिविधियां भी बहुत तेज हो गई हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय जापान यात्रा पर गए हैं और इस यात्रा के बाद वह शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भाग लेने के लिए चीन जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जापान दौरे में उल्लेखनीय घटना हुई, जबकि जापान के व्यापार और वाणिज्य मंत्री मोइली मियाजावा जिन्हें कि अमेरिका यात्रा पर रवाना होना था, उन्होंने अपनी अमेरिका यात्रा स्थगित की और नरेंद्र मोदी के साथ व्यापार वार्ता करने के लिए जापान में ही रुक गए। सर्वविदित है कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जापान का असीम योगदान रहा। इंडियन नेशनल आर्मी को खड़ा करने और उसको सैन्य सहयोग करने के लिए भारत सदैव ही जापान का शुक्रिया अदा करेगा। आजकल क्वाड रणनीतिक मोर्चे में भी भारत के साथ जापान शामिल है। भारत के साथ जापान का व्यापार तकरीबन 22 बीलियन डॉलर का है। जापान में भारतीय निर्यात की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक मंच साझा करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौन रहकर भी अमेरिका को सख्त पैगाम पेश करना चाहते हैं। समस्त यूरोप में अफवाह फैली हुई है कि चार दफा नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टेलीफोन कॉल लेने से इनकार कर दिया गया। इस अफवाह को जर्मनी और फ्रांस के अखबारों ने छाप भी दिया है। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। भारत यकीनन अमेरिका से अपने ताल्लुकात कदाचित खराब करना नहीं चाहता है। अतः राष्ट्रपति ट्रंप की टेलीफोन कॉल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कदापि अस्वीकार नहीं करेंगे। विगत 25 वर्षों की गहन और गंभीर कूटनीतिक और राजनीतिक सूझबूझ से अमेरिका-भारत संबंधों को ताकतवर बनाया जा सका है। राष्ट्रपति ट्रंप और अमेरिकी प्रशासन परस्पर संबंधों में कोई भी विध्वंस अंजाम दें, भारत अपनी तरफ से दोनो देशों के परस्पर ताल्लुकात को शक्तिशाली बनाने के प्रयास करता रहेगा। पं. नेहरु के काल से भारत की परम्परागत विदेश नीति नॉन एलाइन्मेंट की रही, किंतु आजकल मल्टी एलाइन्मेंट की विदेश नीति पर भारत अपना रणनीतिक और कूटनीतिक भरोसा जता रहा है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में राष्ट्रपति पुतिन के पधारने की भी पूरी उम्मीद है। वैसे तो शंघाई सहयोग संगठन का भारत एक प्रमुख सदस्य देश है, किंतु अमेरिका के साथ भारत के तनाव के दौर में शंघाई सहयोग संगठन में भारतीय प्रधानमंत्री की शिरकत का कूटनीतिक महत्व कुछ अधिक बढ़ गया है।



# ट्रंप को जवाब देती भारत की अर्थव्यवस्था



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी
प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

यकीनन इन दिनों पूरी दुनिया आश्चर्य के साथ देख रही है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ हथियार के डर से दुनिया के अधिकांश देश उसके सामने झुकते हुए अमेरिका की व्यापार शर्तों को मानते हुए दिखाई दे रहे हैं, तब भारत अमेरिका के साथ कारोबार समझौते के तहत अपने करोड़ों किसानों और मछुआरों के हितों के मद्देनजर अमेरिका के सामने बिना झुके अपनी शर्तों के साथ अडिग खड़े हुए हैं और तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था ट्रंप को जवाब दे रही है।

29 अगस्त को प्रकाशित वित्त वर्ष 2025-26 के तहत अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। एक साल पहले, अप्रैल-जून 2024 की तिमाही में यह आंकड़ा 6.5 फीसदी था। इसी परिप्रेक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की विकास दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। गौरतलब है कि ट्रंप के द्वारा 27 अगस्त से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से भारत से होने वाले निर्यात और भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव से निपटने के लिए रणनीतिक तैयारी का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। 29 अगस्त को वाणिज्य और उद्योगमंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार टैरिफ चुनौती के मद्देनजर कई उपायों की तैयारी कर रही है।

## निर्यातकों के सामने चुनौतियां

चूंकि ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तु निर्यात का करीब 55 फ़ीसदी यानी करीब 48 अरब का निर्यात प्रभावित हो सकता है। ऐसे में भारत के निर्यातकों के सामने कुछ चुनौतियां खड़ी होती हुई दिखाई दे रही हैं। इसमें भी कोई दो मत नहीं है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए ऊंचे शुल्क और वैश्विक अनिश्चितताओं का असर इस वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू निजी निवेश पर पड़ सकता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार करार नहीं होने की स्थिति में कुछ क्षेत्रों को कुछ प्रभाव के लिए तैयार रहना होगा, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम क्षेत्र को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। यह कोई छोटी बात नहीं है कि हाल ही में अमेरिकी ग्लोबल रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा कि अमेरिका के द्वारा भारत पर 50 फीसदी ऊंचे टैरिफ लगाने से भारत की आर्थिक तरक्की पर कोई खास असर नहीं होगा और भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ने की प्रवृत्ति बनाए रखेगी। भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' का नजरिया अभी भी सकारात्मक बना रहेगा। चूंकि भारत एक निर्यात-उन्मुख अर्थव्यवस्था नहीं है, ऐसे में भारत को टैरिफ संबंधी ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है।

## भारत की घरेलू मांग मजबूत

इसी तरह मॉर्गन स्टैनली रिसर्च के एक विश्लेषण में कहा गया है कि भारत की घरेलू मांग मजबूत होने के कारण अमेरिका के द्वारा भारत से निर्यात पर ऊंचे टैरिफ लागू किए जाने से विकास दर पर आधा फीसदी से भी अधिक असर होगा। ऐसे में भारत के द्वारा ट्रंप टैरिफ के मुकाबले के लिए छह सूत्रीय रणनीति जरूरी दिखाई दे रही है। एक, नए




निर्यात बाजार में कदम रखे जाएं। दो, तेज बढ़ते घरेलू बाजार व अनुकूल आर्थिक परिदृश्य से विकास दर बढ़ाई जाए। तीन, मुक्त व्यापार समझौतों (एफटी) की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जाए। चार, स्वदेशी अपनाएं। पांच, सेवा निर्यात बढ़ाएं और छह, अमेरिका के साथ व्यापार संवाद लगातार कायम रखा जाए। यह बात महत्वपूर्ण है कि भारत ने निर्यातकों को सहारा देने की नई रणनीति सुनिश्चित की है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 40 देशों में विशेष संपर्क कार्यक्रम चलाने की योजना बनाई है। इस पहल के तहत ब्रिटेन, जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, फ्रांस, इटली, स्पेन, नीदरलैंड, पोलैंड, कनाडा, मेक्सिको, रूस, बेल्जियम, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और आस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख देशों को शामिल किया गया है। सरकार अमेरिका से इतर अन्य देशों से मित्रता मजबूत कर रही है। 29-30 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के साथ मैत्री का अध्याय मजबूत किया और टोक्यो में ऐलान किया कि जापानी तकनीक और भारतीय टैलेंट दुनिया को बदल देंगे। भारत के द्वारा चीन और रूस के साथ भी विदेश व्यापार के नए अध्याय आगे बढ़ाए जा रहे हैं। ट्रंप टैरिफ से मुकाबले के लिए ऐसे उपायों के साथ-साथ भारत ने सरल कर व्यवस्था और लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाकर घरेलू खपत बढ़ाने की योजना बनाई है। भारत घरेलू खपत बढ़ाकर कुछ हद तक अमेरिकी व्यापार में हुए नुकसान की भरपाई कर सकता है। वैश्विक व्यापार में हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच भारत को बचाने में भारत की घरेलू खपत अहम भूमिका निभा रही है। पिछले वर्ष 2024 में भारत का खुदरा बाजार 1060 अरब डॉलर का था, यह सालाना 10 फीसदी की दर से बढ़ते हुए 2030 तक 1930 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निःसंदेह भारत एफटीए की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के द्वारा ईएफटीए, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूके के साथ किए गए एफटीए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। भारत को यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए से मजबत लाभ हुआ है। यूएई के साथ, पिछले चार-पांच वर्षों में सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। हाल ही में उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री ने राज्यसभा में बताया कि भारत और ओमान के बीच एफटीए को लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है और जल्द ही दोनों के बीच शीघ्र ही एफटीए पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है और इस वर्ष 2025 के अंत तक यूरोपीय यूनियन के साथ एफटीए लागू होने की पूरी संभावना है। इससे भारत के लिए दुनिया का एक बड़ा और महत्वपूर्ण बाजार खुल जाएगा। विगत 10 जुलाई को भारत में स्विटजरलैंड की राजदूत माया तिस्साफी ने कहा कि भारत और 4 सदस्य देशों आइसलैंड, स्विटजरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन वाले यूरोपिटन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के बीच व्यापार समझौता अक्टूबर 2025 से लागू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि 24 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के पीएम किएर स्टार्मर की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत के द्वारा कतर, न्यूजीलैंड, पेरू, चिली, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर आगे कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

## स्वदेशी कारोबार को प्रोत्साहन

अब नई रणनीति के तहत घरेलू खपत बढ़ाने हेतु स्वदेशी अपनाने और स्वदेशी उद्योग-कारोबार को हरसंभव तरीके से प्रोत्साहित किया जाना जरूरी होगा । साथ ही पूरी दुनिया में भारत के सेवा निर्यात को तेज रफ्तार से बढ़ाना होगा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से 385 अरब डॉलर का सेवा निर्यात किया गया, अब इस वर्ष भारत को 450 अरब डॉलर का लक्ष्य पाने की दिशा में रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा।

# चीन के प्रति अतिविश्वास चूक तो नहीं



कूटनीति
डॉ. एनके सोमानी
वरिष्ठ स्तंभकार

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चीन दौरा फाइनल हो गया है। कहने को तो वे शंघाई सहयोग संघ (एससीओ) की शिखर बैठक में भाग लेने के लिए तिआनजिन गए हैं लेकिन मीडिया में जिस तरह से मोदी की बीजिंग यात्रा को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ टेरर से जोड़ कर प्रचारित किया जा रहा है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि कुटनीतिक तौर पर प्रधानमंत्री के इस दौरे का उद्देश्य बहुत गहरा है। समिट से इतर प्रधानमंत्री की राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी हो सकती है। रूस भी एससीओ का सदस्य है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी समिट में भाग लेने के लिए चीन आएंगे। संभावना इस बात की भी है कि जिनपिंग के बाद प्रधानमंत्री मोदी की पुतिन के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता हो।

निकट भविष्य में पुतिन के भारत दौरे को देखते हुए मोदी-पुतिन वार्ता से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि मोदी-जिनपिंग-पुतिन वार्ता की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन टैरिफ टेरर के कारण भारत, चीन और रूस की अर्थव्यवस्थाओं में जो विचलन की स्थिति है उसे देखते हुए जिस गर्मजोशी से तीनों नेता हाथ मिलाते दिख रहे हैं, उसमें बहुत संभव है कि एससीओ कूटनीतिक लाभ लेने का बड़ा मंच बनता हुआ दिखाई दे।

## सीमा विवाद बड़ी फांस

प्रधानमंत्री के बींजिंग दौरे से पहले चीन ने भारत के साथ संबंधों को सुधारने की भरसक कोशिश की है। चीन के विदेशमंत्री वांग यी की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों का समाधान किया गया। कोविड-19 महामारी के बाद से निलंबित सीधी उड़ानों को फिर से शुरू करने व वीजा प्रक्रिया को सुगम बनाने के अलावा लिपुलेख दर्रा, शिपकी ला दर्रा और नाथू ला दर्रा के माध्यम से सीमा को व्यापार के लिए खोलने पर सहमति वांग की भारत यात्रा के दौरान हुई। भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिमालयी सीमा पर तैनात सैनिकों को पीछे हटाने और सीमांकन जैसे जटिल मुद्दों पर भी वार्ता हुई। बैठक में सीमा संबंधी मामलों के समाधान के लिए एक कार्य समूह बनाने का फैसला हुआ। समूह दोनों देशों के बीच सीमा मामलों में सलाह और परामर्श देने का काम करेगा। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान तिब्बत में यारलुंग जंगबो (ब्रहमपुत्र) नदी पर चीन द्वारा बनाए जा रहे विशाल बांधों का मुद्दा भी उठा। इस पर चीनी विदेशमंत्री ने जल-विज्ञान संबंधी जानकारी भारत के साथ साझा करने पर सहमति जताई। लब्बोलुआब यह कि साल 2020 में गलवान घाटी में हुए हिंसक सैन्य टकराव से जहां दोनों देशों के संबंध 1962 के बाद सबसे निचले स्तर पर चले गए थे, वांग के भारत दौरे से उसे पुनर्जीवित करने की कोशिश की गई। चीन की कोशिशें एक तरफा नहीं थी। भारत ने भी अपनी ओर से हरसंभव सहयोग किया।

## पिघल रही रिश्तों में जमी बर्फ

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और विदेशमंत्री



एस जयशंकर की चीन की यात्राओं के बाद संबंधों पर जमी बर्फ पिघलती दिखी। परस्पर यात्राओं और द्विपक्षीय संवाद के जरिए जिस तरह से दोनों देशों ने सीमा विवाद को बाकी के मामलों से अलग रख कर आगे बढ़ने का वादा किया है जाहिर है संबंधों के लिहाज से यह काफी अहम है। लेकिन भारत-चीन संबंधों के इतिहास को देखते हुए कूटनीतिक हल्कों में आशंका इस बात की भी है कि वॉशिंग्टन को साधने की चाह में कहीं भारत 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' वाली गलती तो नहीं दोहरा रहा है। चीन के साथ संबंधों को नई ऊंचाई देने के उत्साह में भारत फिर चोट न खा जाए। एलएसी पर सैन्य गतिरोध ने राजनीतिक और सैन्य स्तर पर जो जख्म दिए हैं, उसमें यह आशंका निर्मूल भी नहीं है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि तमाम अंतर्विरोधों के वेग में विश्वास बहाली की जो प्रक्रिया एशिया की बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों में शुरू हुई है, क्या वह इतनी ही आसान है जितनी दोनों देश समझ रहे हैं। दरअसल, भारत और चीन के बीच दीर्घकालिक विवाद के कुछ ऐसे बिन्दु हैं जो संबंधों की बेहतरी में हमेशा अवरोधक बनकर उभरे हैं। सीमा-विवाद, दलाई लामा और व्यापार असंतुलन दोनों देशों के संबंधों में तल्खी का बड़ा कारण रहा है। चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। साल 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल 127.7 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। भारत ने चीन से 113.5 अरब डॉलर का आयात किया जबकि निर्यात केवल 14.3 अरब डॉलर का हुआ। चूंकि द्विपक्षीय व्यापार चीन के पक्ष में है। भारत इस व्यापार घाटे (99.2 अरब डॉलर) को कम करना चाहता है। दूसरा, ग्लोबल साउथ में भारत चीन का सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी है। चीन शुरू से ही अपने आपको ग्लोबल साउथ का लीडर मानता है। उसकी इस स्वयं घोषित लीडरशिप में उसकी महत्वाकांक्षी परियोजना बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का बड़ा रोल रहा है। यही वजह है कि बहुत सारे देशों को लगता है कि विकासशील देशों के नेतृत्व की क्षमता चीन के पास है। भारत इस धारणा को बदलना चाहता है। दूसरी ओर ब्लॉक के भीतर कुछ देश ऐसे भी हैं जो चीन के विस्तारवाद और स्वार्थपरक एजेंडे को लेकर आशंकित है। वे चीन की तुलना में भारत को अधिक विश्वस्त मानते हैं। सीमा विवाद भारत-चीन संबंधों में तनाव का बड़ा कारण रहा है। गलवान में सैन्य तनाव के बाद भारत ने दो टूक कहा था कि जब तक सीमा विवाद के मुल कारणों का समाधान नहीं होगा, तब तक द्विपक्षीय संबंध सामान्य नहीं हो सकते है। ऐसे में यह तो पूछा ही जाना चाहिए कि सीमा विवाद का समाधान हुए बिना भारत क्यों चीन के साथ गलबहियां करने के लिए आतुर दिख रहा है। चीन-पाक जुगलबंदी और आतंकवाद पर चीन के स्टैंड (पाकिस्तानी आतंकवादी अब्दुल रहमान मक्की के मामले में वीटो करना) के बावजूद अगर भारत चीन के साथ कदम-ताल को आतुर है तो इसे विदेश नीति के मोर्चे पर भारत की बड़ी चूक ही कहा जाएगा।

## चीन की भूमिका पर सवाल

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी चीन की भूमिका पर सवाल उठे। ढेर सारे अंतर्विरोधों के बावजूद यदि दोनों देशों के संबंधों में आत्मीयता का भाव लम्बे समय बाद होने वाली राष्ट्राध्यक्षों की बैठक से उत्पन्न होने की उम्मीद की जा रही है तो इसे अतिविश्वास की पराकाष्ठा ही कहा जा सकता है। लेकिन जैसा कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कहा जाता रहा है कि राष्ट्रीय हित समय, काल और परिस्थितियों के हिसाब से बदलते रहते हैं। भारत-चीन संबंधों में भी यह लागू हो सकता है, बशर्ते कि चीन अपनी विस्तारवाद की नीति से बाहर निकले। कम से कम भारतीय उपमहाद्वीप के संदर्भ में तो अवश्य ही। बहरहाल भारत-चीन संबंधों में पुनर्स्थापना की जो प्रक्रिया शुरू हुई है वह किस रूप में आगे बढ़ेगी, इसका दारोमदार पूरी तरह से चीन पर निर्भर है।

# एशिया कप हॉकी : जापान के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶| राजगीर

भारत पहले मैच के अपेक्षाकृत लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़कर रविवार को यहां पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खतरनाक दिख रही जापान के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा।

विश्व में सातवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने शुक्रवार को पूल ए के अपने पहले मैच में विश्व में 23वें नंबर की टीम चीन पर 4-3 से करीबी जीत हासिल की लेकिन उसका यह प्रदर्शन प्रभावशाली नहीं था। भारत इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और एशिया कप जीतने का प्रबल दावेदार है। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के बीच सीधे क्वालीफाई करेगी।

### भारतीय रक्षा पंक्ति को जापानी टीम के खिलाफ रहना होगा सतर्क

भारत ने चीन के खिलाफ शानदार शुरुआत की, लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ उसकी लय गड़बड़ा गई। भारतीय रक्षा पंक्ति को तेज तर्रार जापानी टीम के खिलाफ सतर्क रहना होगा, जिसने अपने पहले मैच में कजाकिस्तान के खिलाफ सात गोल दागे थे। चीन के खिलाफ भारत के सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हैट्रिक बनाई, लेकिन वह एक पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलने से चूक गए थे। जुगराज सिंह, हरमनप्रीत, संजय और अमित रोहिदास जैसे चार ड्रैगफ्लिकर के साथ भारत को पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की दर में भी सुधार करना होगा।



### अवसरों को बदलना होगा गोल में

भारतीय मध्य पंक्ति ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और कई मौके बनाए, लेकिन उसे इन अवसरों को गोल में बदलना होगा।भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन भी अपने फॉरवर्ड खिलाड़ियों की गोल करने में असमर्थता को लेकर चिंतित होंगे।हालांकि मनदीप सिंह, संजय, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह जैसे खिलाड़ी विपक्षी सर्कल के अंदर चुस्त दिखे, लेकिन वे स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराने में असफल रहे।

### चीन के खिलाफ मैच हमारे लिए अच्छा सबक

फुल्टन ने कहा, 'हमने (चीन के खिलाफ) मैच जीता लेकिन हम अपनी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। हमने कुछ मौके गंवाए और कुछ आसान गोल भी खाए। हम सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम हैं और यहां प्रबल दावेदार हैं, इसलिए हर टीम हमसे खेलने के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार करेगी और हमें उस चुनौती का सामना करना होगा। ' भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, 'इस टूर्नामेंट में भाग ले रही अधिकतर टीम जवाबी हमला करने के लिए इंतजार करती हैं। चीन के खिलाफ मैच हमारे लिए अच्छा सबक है। हमारी रक्षा पंक्ति को दमदार प्रदर्शन करना होगा।'' दिन के दूसरे मैच में चीन का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा।



### टीम इस प्रकार हैं

**भारतीय टीम :** कृष्ण बी पाठक (गोलकीपर), सूरज करकेरा (गोलकीपर), सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह।

**जापानी टीम :** शोटा यामादा, युतो हिगुची, यामातो कावाहारा, सेरेन तनाका, नारु किमुरा, काजुमासा मात्सुमोतो, मनाबू यामाशिता, रायकी फुजीशिमा (कप्तान), केन नागायोशी, युसुके कावामुरा, कोसी कावाबे, ताकाशी योशिकावा (गोलकीपर), किशो कुरोदा (गोलकीपर), कीता वतनबे, रयोसुके शिनोहारा, ह्योटा यामादा।

**मैच का समय :** दोपहर 3 बजे से

## खबर संक्षेप



### एशिया कप हॉकीः मलेशिया ने कोरिया को 4-1 से हराया

**राजगीर।** कोरिया की एशिया कप खिताब बचाने की मुहिम को मलेशिया से मिली 1-4 की करारी हार से करारा झटका लगा जबकि बांग्लादेश ने हॉकी टूर्नामेंट के पूल बी के अपने दूसरे मैच में चीनी ताइपे को 8-3 से रौंद दिया। दिन के दूसरे मैच में पांच बार की चैंपियन कोरिया ने दूसरे मिनट में ही जियोन्ह्यो जिन के मैदानी गोल से बढ़त बना ली। लेकिन मलेशिया ने अखिमुल्लाह अनवार (29वें, 34वें, 58वें) की हैट्रिक और अशरान हमसानी के मैदानी गोल दागकर शानदार वापसी कर कोरिया को हरा दिया। हालांकि विश्व रैंकिंग में मलेशिया (12वें) और कोरिया (13वें) के बीच सिर्फ एक पायदान का अंतर है। फिर भी कोरिया इस मुकाबले में प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। दिन के पहले मैच में बांग्लादेश ने पूरी तरह से दबदबा बनाया और आखिरी दो क्वार्टर में पांच गोल दागे।

### नेशंस कप फुटबॉलः भारत ने ताजिकिस्तान को हराया



**हिसोर (ताजाकिस्तान)।** भारतीय फुटबॉल टीम ने नए मुख्य कोच खालिद जमील की देखरेख में सीएएफए नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू के शानदार प्रयास से ताजिकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। भारतीय जीत के नायक संधू ने पेनल्टी किक सहित कई शानदार बचाव किए। उन्हें टीम की रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों का भी अच्छा साथ मिला। विश्व रैंकिंग में 133वें स्थान पर काबिज भारत के लिए खेले गए मैच में डिफेंडर अनवर अली (पांचवें मिनट) और संदेश झिंगन (13वें मिनट) ने गोल किए।

### स्वस्थ कारणों से एशिया कप से बाहर हुईं दीपिका

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को घोषणा की कि ड्रैग फ्लिकर दीपिका अभ्यास सत्र के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण महिला एशिया कप के लिए राष्ट्रीय टीम के साथ चीन नहीं जाएंगी। दीपिका अगले कुछ सप्ताह तक रिहैब में रहेंगी और उनकी जगह साक्षी को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट हांगझोउ में पांच से 14 सितंबर तक खेला जाएगा।

### योद्धा ने तेलुगु टाइटंस को 40-35 से हराया

**विशाखापत्तनम।** यूपी योद्धा ने प्रो कबड्डी लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए शनिवार को तेलुगु टाइटंस को 40-35 से हराया। गगन गौड़ा योद्धा के लिए चार बोनस अंकों सहित 14 अंक हासिल किए। कप्तान सुमित सांगवान और गुमान सिंह ने भी क्रमशः आठ और सात अंक के साथ टीम की जीत में योगदान दिया। टाइटंस के लिए विजय मलिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 अंक जुटाए लेकिन यह टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था।

# यूएस ओपन: जोकोविच बने चौथे दौर में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

38 साल के नोवाक ने 69वीं बार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम 16 में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच वर्ष के चौथे और आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। जोकोविच ने कैमरन नूरी को हराया और वह 1991 में जिमी कोनर्स के बाद यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले उम्रदराज खिलाड़ी बने। कोनर्स जब 1991 में इस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचे थे तब उनकी उम्र भी जोकोविच की तरह 38 साल थी।

जोकोविच ने 6-4, 6-7 (4), 6-2, 6-3 से जीत हासिल की, जिसमें उन्होंने 18 ऐस लगाए, जो उनके अनुसार टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन फ्लशिंग मीडोज में मैच के शुरू में चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाया और 69वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर की बराबरी कर ली। अब उनका मुकाबला जर्मन क्वालिफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा।

### राडुकानू का सफर समाप्त

महिला एकल वर्ग के मुकाबले में एलिना रायबकिना ने 2021 की चैंपियन एम्मा राडुकानू को शिकस्त दी। कजाखिस्तान की 2022 की विम्बलडन चैंपियन रिबाकिना ने 62 मिनट तक चले मुकाबले में ब्रिटेन की खिलाड़ी को 6-1, 6-2 से हराया। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज रिबाकिना इसके साथ ही पहली बार यूएस ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहीं।






### चंद्रशेखर और प्रशांत की जोड़ी दूसरे दौर में

अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने क्रिश्चियन हैरिसन और इवान किंग की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को तीन सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। चंद्रशेखर और प्रशांत ने अपनी शानदार सर्विस के दम पर एक घंटे 42 मिनट में 3-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। चंद्रशेखर और प्रशांत का मुकाबला दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ और ब्राजील के फर्नांडो रोम्बोली से होगा। गत चैंपियन और दुनिया के नंबर एक इटली के यानिक सिनर ने वर्ष के चौथे और अंतिम ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन टेनिस के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। सिनर ने अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। हालांकि पूर्व नंबर-3 ग्रीस के स्टेफनोस सितसिपास को दूसरे दौर में उलटफेर का शिकार होना पड़ा। महिला वर्ग में अमेरिका की कोको गॉफ भी तीसरे दौर में पहुंच गईं। हालांकि उन्हें पहले दौर की तरह मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जापान की नाओमी ओसाका भी दूसरे दौर में जीतने में सफल रहीं।

### चोट के बावजूद अल्काराज का शानदार प्रदर्शन, बनाई चौथे दौर में जगह



स्पेनिश स्टार कार्लोस अल्काराज ने यूएस ओपन 2025 के तीसरे दौर में मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद भी इटली के लुसियानो डार्डेरी को हराकर चौथे दौर में जगह बना ली है। चोट के बावजूद उनका प्रदर्शन शानदार रहा और अब उनका मुकाबला फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच से होगा। मैच के दौरान अल्काराज को दाहिनी जांघ में तकलीफ महसूस हुई, जिसके कारण उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया। हालांकि, इस बीच उनका प्रदर्शन प्रभावित नहीं हुआ और उन्होंने मजबूती से मैच जीतकर आगे बढ़ने में सफलता पाई।

### अलेक्जेंडर लगातार 7वीं बार तीसरे दौर में

जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने ब्रिटेन के जैकब फियरनले को 6-4, 6-4, 6-4 से पराजित किया। वर्ष 2020 के उपविजेता ज्वेरेव ने पहले दो सेट में जल्द ब्रेक हासिल कर लिए थे। हालांकि बाद में जैकब ने संघर्ष क्षमता दिखाई। दूसरे सेट के चौथे गेम में ब्रेक प्वाइंट हासिल किया। उनकी सर्विस अच्छी नहीं रही, उन्होंने 12 डबल फाल्ट किए। ब्रिटेन के खिलाड़ी ने बाद में पांच मैच प्वाइंट बचाए लेकिन ज्वेरेव को जीत से न रोक सके। ज्वेरेव लगातार सातवीं बार फ्लेशिंग मिडोज में तीसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे।

### राहुल द्रविड़ ने छोड़ा राजस्थान रॉयल्स के हेड कोच का पद



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स चर्चा में है। कप्तान संजू सैमसन के टीम से अलग होने की खबरों के बीच मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को राहुल द्रविड़ के मुख्य कोच पद से इस्तीफा देने की जानकारी दी। आरआर ने अपने बयान में कहा कि हाल ही में हुई संरचनात्मक समीक्षा के तहत, फ्रेंचाइजी ने द्रविड़ को एक व्यापक भूमिका की पेशकश की थी, लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान और मुख्य कोच ने यह पद नहीं लेने का फैसला किया है। अपनी कोचिंग में भारतीय क्रिकेट टीम को 2024 का टी20 विश्व कप जिताने वाले राहुल द्रविड़ ने आईपीएल 2025 से पहले आरआर के साथ मुख्य कोच के रूप में अनुबंध किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका अनुबंध लंबे समय के लिए था, लेकिन अचानक उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। आरआर ने कहा, "राहुल कई वर्षों से रॉयल्स की यात्रा के केंद्र में रहे हैं। उनके नेतृत्व ने खिलाड़ियों की एक पीढ़ी को प्रभावित किया है। टीम के भीतर मजबूत मूल्यों का निर्माण किया है और फ्रेंचाइजी की संस्कृति पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

क्रिकेट

## एशिया कप से पहले गिल और रोहित का होगा फिटनेस टेस्ट, पहुंचे बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारतीय टेस्ट कप्तान और टी20 उपकप्तान शुभमन गिल आगामी एशिया कप के लिए दुबई जाने से पहले फिटनेस आकलन और तैयारियों के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) पहुंच गए हैं। एशिया कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों को 9 सितंबर को मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच से पहले 4 सितंबर को दुबई में इकट्ठा होना है। सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी फिटनेस आकलन के लिए सीओई पहुंच गए हैं।

### रोहित पर टिकी नजर

फिटनेस की जांच रविवार से शुरू हो सकती है और सभी की निगाह एक दिवसीय टीम के कप्तान रोहित पर टिकी रहेगी, जो टी20 और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। यह 38 वर्षीय खिलाड़ी अक्टूबर में होने वाली वनडे श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर सकता है लेकिन यह देखना बाकी है कि वह कानपुर में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 30 सितंबर, तीन अक्टूबर और पांच अक्टूबर को होने वाले एकदिवसीय मैचों में खेलते हैं या नहीं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला के मैच 19, 23 और 25 अक्टूबर को खेले जाएंगे।

### एशिया कप के मैचों का टाइम बदला, अब रात 8 बजे से शुरू होंगे मुकाबले

**दुबई।** अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने घोषणा की कि संयुक्त अरब अमीरात में भीषण गर्मी के कारण आगामी एशिया कप के 19 में से 18 मैचों का शुरू होने का समय मूल कार्यक्रम से आधे घंटे पीछे कर दिया गया है। संशोधित समय के अनुसार अब मैच स्थानीय समयानुसार शाम 6.30 बजे (भारतीय समयानुसार रात 8 बजे) शुरू होंगे। इस बार टी-20 प्रारुप में आयोजित होने वाला यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक दुबई और अबू धाबी में खेला जाएगा। ईसीबी ने कहा, 'एशिया कप 2025 के 19 मैचों में से 18 के शुरू होने का समय अपडेट कर दिया गया है। ये मैच अब स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे शुरू होंगे।' बयान के अनुसार, 'सोमवार, 15 सितंबर को यूएई और ओमान के बीच मैच स्थानीय समयानुसार दोपहर बाद चार बजे शुरू होगा।

### महक शर्मा ने रजत, लवप्रीत सिंह ने कांस्य पदक जीता

**अहमदाबाद।** भारत की महक शर्मा ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप के अंतिम दिन महिलाओं के 86 किग्रा से अधिक वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि लवप्रीत सिंह ने पुरुषों के 110 किग्रा से अधिक वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। महक ने कुल 253 किग्रा (स्नैच में 110 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 143 किग्रा) भार उठाकर वीर सावरकर खेल परिसर में दूसरा स्थान हासिल किया। सामोआ की इउनियारा सिपाया ने 261 किग्रा (स्नैच में 111 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 150 किग्रा) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता नाइजीरिया की मैरी ताइवो ओसिजो ने कुल 231 किग्रा (स्नैच में 103 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 128 किग्रा) भार उठाकर कांस्य पदक जीता। पुरुषों के 110 किग्रा से अधिक के वर्ग में लवप्रीत ने कुल 380 किग्रा (स्नैच में 175 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 205 किग्रा) भार उठाकर कांस्य पदक जीता। वे न्यूजीलैंड के डेविड लिटी (397 किग्रा; स्नैच में 177 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 220 किग्रा) से पीछे रहे। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सामोआ के सानेले माओ ने कुल 401 किग्रा (स्नैच में 181 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 220 किग्रा) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। युवा पुरुषों के 94 किग्रा से अधिक के वर्ग में भारत के तुषार चौधरी ने दो कुल 285 किग्रा (125 किग्रा और 160 किग्रा) भार उठाकर पहला स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में दो ही खिलाड़ी थे। श्रीलंका के नेजिथा नेथसाहन ने 197 किग्रा (97 किग्रा और 100 किग्रा) भार उठाया।

## डीपीएल : नीतीश-दिग्वेश में भिड़ंत, दोनों पर फाइन, कृष यादव पर 100 प्रतिशत जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खिलाड़ी नितीश राणा सहित पांच क्रिकेटरों पर साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स और वेस्ट दिल्ली लायंस के बीच दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के मैच में आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 से 100 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया गया।

कप्तान नितीश राणा के तूफानी शतक की बदौलत वेस्ट दिल्ली लायंस ने शुक्रवार को एलिमिनेटर में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को सात विकेट से हराकर डीपीएल के क्वालीफायर 2 में प्रवेश किया। वेस्ट दिल्ली लायंस के कृष यादव को मैच के दौरान अभद्र व्यवहार करने के लिए अधिकतम सजा दी गई है।



उन पर मैच फीस का 100 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच के दौरान नितीश राणा और दिग्वेश राठी के बीच जमकर जुबानी जंग चली और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। इन दोनों पर फाइन लगाया गया।

### आपस में भिड़े दिग्वेश और नितीश राणा

दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 लीग के मैच में दिग्वेश राठी गेंद फेंकने के लिए रन अप लेते हैं और क्रीज के पास आते हैं, लेकिन इसके बाद वह गेंद नहीं फेंकते हैं। तब स्ट्राइक एंड पर खड़े नितीश राणा परेशान लगते हैं। फिर जब दिग्वेश दोबारा गेंदबाजी करने के लिए तैयार हुए, तो नितीश स्टंस के आगे से हट गए। इसके बाद तो दोनों प्लेयर्स के बीच जमकर जुबानी जंग हुई और नितीश गुस्से में दिग्वेश को कुछ इशारे करते हुए दिखाई देते हैं। फिर अगली गेंद पर वह छक्का जड़ देते हैं। लेकिन मामला यहां पर भी शांत नहीं होता है और दोनों प्लेयर्स के बीच जमकर बहस होती है। सभी प्लेयर्स जमा हो जाते हैं और दोनों को हटाने की कोशिश भी करते हैं।

वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिपः पेरिस ओलंपिक का लिया बदला

# सेमीफाइनल में सात्विक-चिराग की जोड़ी, पदक पक्का

एजेंसी ▶▶| पेरिस

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक सुनिश्चित किया। भारतीय जोड़ी पिछले साल पेरिस ओलंपिक में मलेशिया की इस जोड़ी से हार गई थी लेकिन शुक्रवार देर रात खेले गए मैच में वह इसका बदला लेने में सफल रही। सात्विक और चिराग की विश्व की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 43 मिनट में 21-12, 21-19 से शानदार जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सात्विक और चिराग ने 2022 में इस टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता था और इस तरह से उनका विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक होगा। इससे 2011 में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा के कांस्य पदक जीतने के बाद से भारत का प्रत्येक विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतना भी सुनिश्चित हो गया।



### अगला मुकाबला चीन की 11वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी

एशियाई खेलों के चैंपियन का अगला मुकाबला चीन की 11वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी चेन बो यांग और लियू यी से होगा। कुछ ही घंटे पहले पीवी सिंधू के क्वार्टर फाइनल में बाहर होने से भारत महिला एकल में पदक से वंचित रह गया था। जब सात्विक और चिराग कोर्ट पर उतरे तो उन पर उम्मीदों का बोझ साफ दिखाई दे रहा था।

### भारतीय जोड़ी ने लगातार छह अंक किए हासिल

चिराग ने ड्राइव-सर्व विनर से शुरुआत की और फिर 59 शॉट की रैली खेली, जो मैच की सबसे लंबी रैली थी। इसके बाद उन्होंने अपने जोरदार मिड-कोर्ट स्मैश से भारत को 4-2 से आगे कर दिया। भारतीय जोड़ी ने लगातार छह अंक हासिल करके 9-3 की बढ़त बनाई। वह इंटरवल तक 11-5 से आगे थी। चिया और सोह ने 49 शॉट की एक और मैराथन रैली में सफलता हासिल की, लेकिन भारतीयों ने जल्द ही लय हासिल कर ली। भारतीय टीम ने 15-8 के स्कोर से ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया और फिर पहला गेम आसानी से अपने नाम किया।

### सात्विक की तेज सर्विस से बनाई 10-5 की बढ़त

सात्विक की तेज सर्विस तथा चिराग के तेज बैककोर्ट स्मैश की मदद से भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में भी अच्छी शुरुआत की तथा जल्द ही 10-5 की बढ़त बना ली। सोह दबाव में गलतियां करते रहे, जिससे भारतीय टीम ने 17-12 की बढ़त बना ली। मलेशिया की टीम ने इसके बाद अच्छा प्रदर्शन किया और 12-17 से वापसी की। चिराग के शानदार खेल के दम पर भारतीयों ने स्कोर 18-14 कर दिया। इसके बाद 15-19 के स्कोर पर एक और लंबी रैली हुई। अच्छे रिटर्न और फिर सात्विक का स्मैश नेट पर लगने से मलेशियाई टीम ने अंतर को 18-19 कर दिया। ऐसे समय में चिराग ने नेट पर मोर्चा संभाला और मैच प्वाइंट हासिल करके भारतीय जोड़ी को जीत दिलाई।

अमेरिकी यहूदी समिति ने रूस से तेल खरीद को लेकर भारत के खिलाफ बयानों को लेकर अमेरिकी अधिकारियों की आलोचना की है। संगठन ने कहा कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध का जिम्मेदार नहीं है और वह अमेरिका का अहम रणनीतिक साझेदार है।

भारत के समर्थन में उतरी अमेरिकन ज्यूइश कमेटी

# यहूदी संगठन ने की ट्रंप प्रशासन की आलोचना- यूक्रेन युद्ध के लिए भारत नहीं, अमेरिका ही 'जिम्मेदार'

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

अमेरिका के एक यहूदी संगठन ने उन अधिकारियों की आलोचना की है, जिन्होंने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत की निंदा की है। संगठन ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है और अमेरिका-भारत संबंधों को फिर से सुधारने की जरूरत है। ट्रंप प्रशासन के कुछ सदस्यों ने हाल ही में भारत पर आरोप लगाया है कि रूस से उर्जा खरीदकर भारत राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध मशीन को फंडिंग कर रहा है।अमेरिकी यहूदी समिति ने शुक्रवार को कहा कि व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की ओर से भारत पर लगाए गए आरोप 'गलत और अपमानजनक' हैं।



### अहम संबंधों को फिर से मजबूत करने का समय

नयहूदी संगठन ने कहा, हम समझते हैं कि भारत उर्जा जरूरतों के कारण रूस से तेल खरीदता है, लेकिन भारत पुतिन के युद्ध अपराधों का दोषी नहीं है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार भी है। संगठन ने कहा, अब इन अहम संबंधों को फिर से मजबूत करने का समय है। नवारो ने पिछले कुछ दिनों में भारत को निशाना बनाया है।

**भारत पर लगाए जा रहे आरोपों को बेबुनियादी बताया**

अमेरिका के प्रभावशाली ज्यूइश एडवोकेसी ग्रुप ने भारत पर लगाए जा रहे आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है। ग्रुप ने ट्रंप प्रशासन की उस आलोचना पर आपत्ति जताई है जिसमें कहा गया था कि रूस से तेल खरीदकर भारत पुतिन की युद्ध मशीन की मदद कर रहा है।

## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पीएम मोदी से फोन पर बात की

तियानजिन (भाषा)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की। इस दौरान, मोदी ने यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के भारत के दृढ़ एवं सतत रुख को दोहराया। प्रधानमंत्री ने जेलेंस्की से यह भी कहा कि भारत यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मोदी और जेलेंस्की के बीच यह बातचीत चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ प्रधानमंत्री की प्रस्तावित मुलाकात से दो दिन पहले हुई है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "राष्ट्रपति जेलेंस्की को आज फोन पर बात करने के लिए धन्यवाद। हमने यूक्रेन संघर्ष, उसके मानवीय पहलू और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## खबर संक्षेप

### पाक में बारिश और बाढ़ से 22 लोगों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में गत 24 घंटे के दौरान 2हले दावा किया था कि भारत ने रावी नदी पर स्थित अपने थीन बांध के सभी द्वार खोल दिए हैं, जिसके बाद पंजाब प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्यों में नागरिक प्राधिकारियों की सहायता के लिए पंजाब के आठ जिलों - लाहौर, ओकारा, फैसलाबाद, सियालकोट, नारोवाल, कसूर, सरगोधा और हाफिजाबाद - में सेना को बुलाना पड़ा है। पाकिस्तान को भारत से यह चेतावनी भी मिली थी कि वह तेज़ी से भर रहे माधोपुर बाँध से पानी छोड़ने का इरादा रखता है।



### यमनः हूती पीएम अहमद अल-रहावी की मौत

**सना।** यमन की राजधानी सना में हूती नियंत्रित सरकार के प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी की इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। विद्रोही सशस्त्र समूह हूती ने शनिवार को एक बयान में कहा कि अल-रहावी गुरुवार को हुए एक हमले में कई अन्य मंत्रियों के साथ मारे गए। समूह ने बताया कि यह हमला उस समय हुआ जब अधिकारी पिछले एक साल में सरकार के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एक वर्कशॉप में भाग ले रहे थे। यह हमला उस समय हुआ जब अहमद अल-रहावी अपने अन्य मंत्रियों के साथ पिछले एक साल में सरकार के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एक वर्कशॉप में भाग ले रहे थे।



एयर मार्शल बोले- इतने में पाक घबरा गया

# ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान पर 50 से कम हथियार दागे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के तीन महीने बाद वायुसेना उप प्रमुख ने नया खुलासा किया है। एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने कहा कि पाकिस्तान को युद्धविराम की मेज पर लाने के लिए भारतीय वायुसेना ने 50 से भी कम हथियार दागे। एक मीडिया हाउस के कार्यक्रम में बोलते हुए एयर मार्शल ने कहा कि मौजूदा ऑप्शन की लिस्ट में हमारे पास बड़ी संख्या में टारगेट थे। आखिरकार हम 9 तक पहुंचे। हमारे लिए मुख्य बात यह थी कि 50 से भी कम हथियारों के साथ हम सीजफायर हासिल करने में सफल हुए। उन्होंने कहा, 'युद्ध शुरू करना बहुत आसान है, लेकिन उसे खत्म करना उतना आसान नहीं है और यह एक महत्वपूर्ण बात थी, जिसे ध्यान में रखना जरूरी था, ताकि हमारी सेनाएं सक्रिय रहें, तैनात रहें और किसी भी संभावित स्थिति के लिए तैयार रहें।'

### 9 आतंकवादी ठिकानों को किया था तबाह

*दरअसल, सेना ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में 7 मई को पाकिस्तान स्थित 9 आतंकवादी ठिकानों को तबाह कर दिया था। इसके बाद पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से सीजफायर की गुहार लगाई थी। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली से मिले निर्देश तीन मुख्य बातों पर केंद्रित थे। पहला, दुश्मन के खिलाफ हर कार्रवाई सख्त और दंडात्मक होनी चाहिए।*

### एयर कमांड और कंट्रोल सिस्टम की तारीफ की

एयर मार्शल ने भारत की इंटीग्रेटेड एयर कमांड और कंट्रोल सिस्टम की तारीफ की। उन्होंने बताया कि चार दिन चले संघर्ष के दौरान ये सिस्टम आक्रामक और रक्षात्मक दोनों ऑपरेशन की रीढ़ साबित हुई। भारत शुरुआती हमलों को झेल सका और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया, जिसके बाद पाकिस्तान तनाव कम करने के लिए तैयार हो गया।

### पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान मार गिराए

*एयर फोर्स चीफ एपी सिंह ने 9 अगस्त को कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। इसके अलावा एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया। यह सतह से हवा में टारगेट हिटिंग का अभी तक का रिकॉर्ड है।*

पीएम मोदी ने अपने जापानी समकक्ष को दिया खास तोहफा

# चांदी की चॉपस्टिक्स के साथ रेमन बाउल और पशमीना शॉल की गिफ्ट

आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया

*पीएम मोदी भारत से जापान के पीएम शिगेरु इशिबा और उनकी पत्नी योशिको इशिबा के लिए खास तोहफे लेकर गए जो उन्होंने अपनी जापान से अपने संबंधों को यादगार बनाने के तौर पर दिए*

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

तोहफे देना भारतीय परंपरा का हिस्सा है। जब कोई किसी से मिलने जाता है तो उसके लिए भेंट लेकर जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान गए हैं। वह भी खाली हाथ वहां नहीं गए हैं। बल्कि अपने साथ कुछ तोहफे लेकर गए हैं। पीएम मोदी भारत से जापान के पीएम शिगेरु इशिबा और उनकी पत्नी योशिको इशिबा के लिए खास तोहफे लेकर गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के पीएम शिगेरु इशिबा को चॉपस्टिक्स के साथ रेमन बाउल गिफ्ट में दिया है। इस खास तोहफे को वह भारत से उनके लिए लेकर गए हैं। इस चॉपस्टिक्स की खास बात यह है कि यह चांदी की बनी हुई है।

ये उपहार दोनों देशों की कला और संस्कृति का अनूठा संगम दर्शाते हैं

टोक्यो दौरे ने भारत-जापान संबंधों को और मजबूत किया



### चांगथांगी भेड़ के महीन ऊन से बनी है शॉल

पीएम मोदी अपने साथ जापानी पीएम की पत्नी के लिए तोहफे में खास पश्मिना शॉल लेकर गए हैं। यह शॉल लद्दाख के चांगथांगी भेड़ के महीन ऊन से बनाया गया है। यह पश्मीना शॉल बहुत ही हल्के, मुलायम और गर्म होने की वजह से दुनिया भर में फेमस है। कश्मीरी कारीगरों द्वारा हाथ से बुना गए इस शॉल सदियों पुरानी परंपरा झलकती है। यह खास शॉल राजघरानों की भी शान माना जाता रहा है। इस शॉल का बेस हाथीदांत का है इस पर रस्ट, पिंक और रेड कलर के फूल का डिजाइन बना है, जो क्लासिक कश्मीरी डिजाइन और शिल्प कौशल को दिखाता है।

### बाउल का बेस मकराना संगमरमर से बना

चांदी की चॉपस्टिक्स से सजे ये विंटेज कीमती पत्थर के बाउल भारतीय कलात्मकता और जापानी पाक कला की परंपरा का एक अनूठा मिश्रण हैं। मूनस्टोन को आंध्र प्रदेश से लिया गया है। चार छोटे बाउल्स और चांदी की चॉपस्टिक्स के साथ एक बड़े भूरे रंग का मूनस्टोन बाउल जापान के डोनबुरी और सोबा अनुष्ठानों से प्रेरित है। आंध्र प्रदेश से मिला यह मूनस्टोन और प्रेम, संतुलन और सुरक्षा का प्रतीक है। जबकि मेन बाउल का बेस मकराना संगमरमर से बना है, जिसमें राजस्थान की पारंपरिक परचिन कारी शैली दिखाई दे रही है। इसमें अर्ध-कीमती पत्थर जड़े हुए हैं।



**अपनी गलती पर पछताएगा अमेरिका**

### दुनिया के सबसे बड़े बाजार में ऊंचाई का मौका गंवाया

*अमेरिका से छिड़े टैरिफ वार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा ने 21वीं सदी के भारत के भविष्य को नए रास्तों पर और नए ढंग से गढ़ना शुरू कर दिया है। भारत ने इस दौरान जापान के साथ अगले 1 दशक तक के विजन के लिहाज से 21 बड़े समझौते किए हैं। यही 21 द्विपक्षीय समझौते 21वीं सदी के नए भारत की नई विकासगाथा लिखने वाले हैं। भारत और जापान के बीच हुई इस अहम साझेदारी का दर्द अमेरिका भी भूल नहीं सकेगा। उसे भारत के साथ अपने रिश्ते बिगाड़ने की गलती करने का निश्चित रूप से बहुत पछतावा होगा। क्योंकि अगर भारत के साथ उसके रिश्ते सही होते तो कई अहम समझौते वाशिंगटन के साथ भी हो सकते थे, जिसका लाभ अमेरिका को भी मिल सकता था। मगर अमेरिका ने भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े बाजार में ऊंचाइयां छूने का मौके खुद ही गवां दिया है।*



### जापान के साथ हुए 21 समझौते

**अहम समझौते**

1. भारत-जापान का अगले दशक के लिए संयुक्त दृष्टिकोण
2. सुरक्षा सहयोग पर संयुक्त घोषणा
3. भारत-जापान मानव संसाधन विनिमय के लिए कार्य योजना
4. चंद्रयान-5 के तहत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर नए अन्वेषण मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के बीच कार्यान्वयन व्यवस्था
5. स्वच्छ हाइड्रोजन और अमोनिया पर संयुक्त इरादे की घोषणा
6. भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय और जापान के शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच संयुक्त इरादे का वक्तव्य

**स्मरणपत्र / सहयोग ज्ञापन**

7. संयुक्त क्रेडिटिंग तंत्र पर सहयोग ज्ञापन
8. भारत-जापान डिजिटल साझेदारी 2.0 पर समझौता ज्ञापन
9. खनिज संसाधनों के क्षेत्र में सहयोग ज्ञापन
10. सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर सहयोग ज्ञापन
11. घरेलू अपशिष्ट जल प्रबंधन के विकेन्द्रीकृत मॉडल पर

# सिंगापुर में भारतीय नागरिक को 2 साल एक माह की जेल

## देना होगा लाखों का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिंगापुर में एक भारतीय नागरिक को 2 साल की जेल और लाखो रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई है। सिंगापुर की अदालत ने शुक्रवार को एक सड़क हादसे मामले में सुनवाई के दौरान यह फैसला दिया। 2023 में एक सड़क हादसे के दौरान नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर के वरिष्ठ लॉ प्रोफेसर की मौत हो गई थी। इस हादसे के आरोपी नटराजन मोहनराज को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। सिंगापुर की अदालत ने नटराजन को 2 साल 1 महीने की सजा दी है। साथ ही उन्हें 2000 सिंगापुर डॉलर (लगभग 1 लाख 37 हजार रुपए) जुर्माना देने का भी आदेश दिया गया है। यह हादसा 7 जुलाई 2023 को हुआ था। 28 वर्षीय नटराजन मोहनराज ने फोन में देखते हुए गाड़ी चला रहे थे। तभी उन्होंने अपनी लॉरी से प्रोफेसर की कार को टक्कर मार दी।

# ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई अब और महंगी, अमेरिकी सख्ती के बीच भारतीय छात्रों के लिए यह बचा रास्ता

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया लंबे समय से भारतीय छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का एक आकर्षक गंतव्य रहा है। 2024 के आंकड़ों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के 43 विश्वविद्यालयों में 1.18 लाख से अधिक भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं, जो कुल विदेशी छात्रों का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा है। इसके बाद नेपाल, ब्राजील और मलेशिया जैसे देशों का स्थान आता है। लेकिन वीजा शुल्क और रिजर्व फंड की सीमा में हालिया बढ़ोतरी ने भारतीय सहित सभी विदेशी छात्रों पर आर्थिक दबाव बढ़ा दिया है।

### कितना बढ़ा वीजा शुल्क और रिजर्व फंड?

इस साल अप्रैल में ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने विदेशी छात्रों के लिए वीजा शुल्क को 1600 से बढ़ाकर 2000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर कर दिया। साथ ही, रिजर्व फंड की सीमा को 24,000 से बढ़ाकर 27,500 डॉलर कर दिया गया। इस बढ़ोतरी ने ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई को और महंगा बना दिया है। हालांकि, अनुष्का का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई के अवसर और गुणवत्ता इतनी बेहतर है कि यह बढ़ी हुई लागत को उचित ठहराती है।

### विश्वविद्यालयों और छात्रों की चिंता

राहत की बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालय सरकार पर शुल्क वृद्धि को वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। विदेशी छात्र विश्वविद्यालयों की आय का एक बड़ा स्रोत हैं और उनकी संख्या में कमी से आर्थिक नुकसान हो सकता है। न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी की छात्रा और छात्र संघ की पदाधिकारी कृषा ने बताया कि विश्वविद्यालय ने छात्रों को आश्वासन दिया है।

## भारत के सामने फिर गिड़गिड़ाया पाक

**इस्लामाबाद।** भारत के साथ हालिया संघर्ष में मात खाने के बाद से पाकिस्तान भारत के सामने लगातार सुलह के लिए गिड़गिड़ा रहा है। इस कड़ी में पाकिस्तान की तरफ से कई मौकों पर बातचीत करने की गुहार लगा रहा है। लेकिन भारत ने अपना पक्ष साफ कर दिया है। इसी बीच पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश भारत के साथ गरिमा और सम्मान के साथ सभी लंबित मुद्दों पर बातचीत करने के लिए तैयार है, जिसमें कश्मीर विवाद भी शामिल है।

इंडोनेशिया में बेकाबू हुई भीड़

# संसद भवन में लगाई आग 3 लोगों की मौत, कई झुलसे

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशिया में बेकाबू भीड़ ने संसद भवन में आग लगा दी है। इससे कम से कम 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है किक इंडोनेशिया में सांसदों को मिलने वाले भारी-भरकम भत्तों को लेकर जनता का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा है। विरोध प्रदर्शनों ने कई शहरों में हिंसक रूप ले लिया है। **इमारत समेत दर्जनों वाहन खाकः** गुस्साई भीड़ ने दक्षिण सुलावेसी प्रांत की राजधानी मकास्सर में स्थानीय प्रांतीय संसद भवन में शुक्रवार देर रात आग लगा दी। स्थानीय आपदा प्रबंधन अधिकारी फदली ताहर ने बताया कि शनिवार सुबह तक तीन शव बरामद किए गए, जबकि इमारत से जान बचाकर कूदने के प्रयास में पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए या घायल हो गए।

अमेरिकी अखबार न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट में खुलासा

# फोन करके नोबेल 'मांगने' लगे ट्रंप, भड़क गए थे मोदी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते उस वक्त खराब होने शुरू हो गए जब नरेन्द्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच टेलीफोन पर बात हुई थी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने बड़ा खुलासा करते हुए उस दिन की बात बताई है, जब पीएम मोदी और ट्रंप के बीच कनाडा में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन से इतर टेलीफोन पर बात हुई थी। 17 जून को पीएम मोदी और ट्रंप के बीच करीब 35 मिनट कर टेलीफोन पर बात हुई थी और इस दौरान ट्रंप ने मोदी से उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करने को कहा था। न्यूयॉर्क टाइम्स ने खुलासा करते हुए कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप नोबेल पुरस्कार के लिए बार बार भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले संघर्ष को खत्म करवाने की बात कर रहे हैं। यूर्याक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक 17 जून को टेलीफोन पर ट्रंप ने मोदी को बताया था कि पाकिस्तान उन्हें नोबल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करने जा रहा है और भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव खत्म करवाने पर उन्हें गर्व है। रिपोर्ट में आगे इस मामले से परिचित अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि ट्रंप ने टेलीफोन पर मोदी से आगे कहा था कि भारत को भी उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करना चाहिए, लेकिन मोदी ने टेलीफोन पर ही ऐसा करने से साफ शब्दों में इनकार कर दिया। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप की इन बातों से भारतीय नेता भड़क गये। उन्होंने टेलीफोन पर ट्रंप से कहा कि हालिया युद्धविराम में डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। युद्धविराम भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे तौर पर तय किया गया था। न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई तरह की बातचीत हुई, लेकिन मोदी का साफ शब्दों में ये कहना है कि भारत-पाकिस्तान युद्धविराम में ट्रंप की कोई भूमिका नहीं है।

### 17 जून को करीब 35 मिनट तक हुई थी टेलीफोन पर चर्चा

### इस चर्चा के बाद ही रिश्ते खराब होना शुरू हुए भारत-अमेरिका के बीच



### खटाई में पड़ा नोबेल अभियान

न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप नोबल पुरस्कार के लिए अभियान चला रहे हैं और भारतीय नेता के इनकार करने के बाद उनका अभियान खटाई में पड़ गया है और इसी का असर भारत और अमेरिका के संबंध पर पड़ा है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने खुलासा किया है कि ट्रंप की तरह मोदी भी मजबूत छवि वाले नेता हैं और उनका ये स्वीकार करना कि ट्रंप ने युद्धविराम करवाया है, इसका संदेश भारत के आत्मसमर्पण की तरफ दिखता और इसी बात ने भारतीय प्रधानमंत्री और अधिकारियों को काफी नाराज कर दिया।

रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला

# 500 ड्रोन और 45 मिसाइलों से मचाई तबाही, एक की मौत, 24 घायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस ने शुक्रवार रात से लेकर शनिवार सुबह तक यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर हमला किया है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 24 लोग घायल हो गए। घायलों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, मिसाइल और ड्रोन हमलों से कई शहरों की इमारतें और जरूरी ढांचे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि यह हमला 14 अलग-अलग जगहों पर हुआ।

### ड्रोन और मिसाइलों से हुआ हमला?

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार हमले के दौरान करीब 540 ड्रोन और 45 मिसाइलें दागी गई। जापोरिज्झिया शहर में पांच मंजिला इमारत पर सीधा हमला हुआ, बिजली कट गई और 25 हजार लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। स्थानीय गवर्नर इवान फेदोरोव ने बताया कि धमाकों से इलाके में कई जगह आग लग गई और बच्चे समेत दर्जनों लोग घायल हो गए।

### तेल रिफाइनरी निशाना



इस बीच यूक्रेन ने रूस के दो तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले किए। साउथ रूस के क्रास्नोदार और सामारा से सिजरान इलाके में धमाकों और आग की खबर आई। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, क्रास्नोदार रिफाइनरी पर गिरे ड्रोन के मलबे से आग लगी। इसके साथ ही, यूक्रेन की तरफ से सामारा क्षेत्र में सिजरान रिफाइनरी के पास भी हमले की कोशिश हुई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25